दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 197
कोटद्वार शुक्रवार
18 नवम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## घायल युवकों से मिले धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फ्लीट चलते वक्त सड़क पर स्कूटर सवार दो किशोरों को गिरते देखा तो फ्लीट रुकवा ली। उन्होंने दोनों को उपचार के अस्पताल भिजवाया।

दोनों ने हेलमेट नहीं पहना था तो सीएम धामी ने इस मौके पर युवाओं से हेलमेट पहनकर चलने की अपील की। गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की फ्लीट वाडिया हिमालयन भूविज्ञान संस्थान से सचिवालय आ रही थी। बल्लूपुर चौक से ओएनजीसी चौक की ओर जाते वक्त स्कूटर पर सवार दो युवकों को गिरते हुए देखा। मुख्यमंत्री धामी ने तुरंत अपना काफिला रुकवाया और वे दोनों युवकों हालचाल पूछने उनके पास पहुंच गए। युवकों को मामूली चोट आई थी। मुख्यमंत्री ने मौके पर तैनान पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि युवकों को शीघ्र आवश्यक उपचार उपलब्ध जाए। इस पर दोनों युवकों को अस्प्पताल ले जाया गया। मुख्य्यमंत्री पुष्ष्कर सिंह धामी नेसभी प्रदेशवासियों से अपील की है कि दो पहिया वाहनों में यात्रा करते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें।

### बहुचर्चित श्रद्धा वालकर हत्याकांड

# साकेत कोर्ट में वकीलों ने आफताब के खिलाफ की नारेबाजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बहुचर्चित श्रद्धा वालकर हत्याकांड के मुख्य आरोपी आफताब अमीन पूनावाला की गुरुवार को दक्षिण दिल्ली के साकेत कोर्ट में पेशी हुई। पुलिस ने आरोपी के रिमांड की मांग को लेकर कोर्ट से अर्जी दाखिल की थी। कोर्ट ने पांच दिनों के लिए आफताब की कस्टडी बढ़ा दी है। वहीं पेश के दौरान कोर्ट के बाहर वकीलों ने जमकर हंगामा किया। वकीलों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी। वकीलों की मांग थी कि आफताब को मौत की सजा दी जाए। वकीलों ने जमकर आरोपी के लिए फांसी की मांग को लेकर नारेबाजी की।



बता दें कि आफताब पूनावाला पर आरोप है कि उसने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की गला घोंटकर हत्या कर दी और फिर उसके शव के 35 टुकड़े कर डाले। फिर उसने इन शवों को महरौली के जंगल में ठिकाने लगा दिए। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों के बीच इसी साल 18 मई को शादी के मुद्दे पर झगड़ा हुआ, इस दौरान आफताब ने श्रद्धा की हत्या कर दी।

मुंबई की युवती श्रद्धा वाकर की हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस की जांच में एक और सनसनीखेज खुलासा हुआ है। दिल्ली पुलिस की जाचं में छतरपुर के जिस फ्लैट में आरोपी आफताब अमीन पूनावाला ने श्रद्धा का कत्ल किया, उस फ्लैट का पानी का बिल भी जांच में अहम सबूत बनेगा। सूत्रों के अनुसार हत्या के बाद आफताब ने खून के धब्बों को साफ करने के लिए बहुत सारे पानी का इस्तेमाल किया, जिसके कारण पानी का बिल ज्यादा आया और बिल लंबित हो गया। पुलिस को जानकारी मिली है कि आफताब और श्रद्धा पर 300 रुपये का पानी का बिल बकाया है। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि आफताब नियमित रूप से बिल्डिंग की पानी की टंकी की जांच करने जाता था।

श्रद्धा हत्याकांड के आरोपी आफताब ने एक और नया खुलासा किया है। आरोपी आफताब श्रद्धा से पीछा टुड़ाना चाहता था। श्रद्धा और आफताब के बीच आए दिन छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा होता था। दिल्ली में भी झगड़ा होता था। झगड़ा होना मुंबई में शुरू हो गया था। आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया है कि वह हर रोज के झगड़े से परेशान हो गया था। इसी वजह से वह श्रद्धा से पीछा टुड़ाना चाहता था।

दिल्ली पुलिस सूत्र का कहना है कि श्रद्धा हत्याकांड में आरोपी आफताब ने पुलिस के सामने कबूल किया कि पहचान छिपाने के लिए उसने श्रद्धा के शव के टुकड़े करने के बाद उसका चेहरा जला दिया था। उसने यह भी कबूल किया कि उसने हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने के तरीके इंटरनेट पर सर्च किए थे।

## जनता विकल्प तलाश रही: प्रशांत किशोर

**पश्चिम चंपारण (मझौलिया),एजेंसी।** बिहार की राजनीति में दिखेगा एक नया बदलाव। भाजपा, कांग्रेस जदयू समेत कई पार्टियों के चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर जल्द ही बिहार में पार्टी का गठन करेंगे। जन सुराज पदयात्रा के तहत पश्चिम चंपारण के मझौलिया पहुंचे पीके ने प्रेस वार्ता में इसका इशारा किया। गुरुवार को मझौलिया के मोतीलाल हाई स्कूल के खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में जनता विकल्प खोज रही है। अगर जनता का आशीर्वाद और सहयोग मिला तो बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए, जनता की भलाई के लिए, गरीबी और अशिक्षा को दूर करने के लिए, बेरोजगारी और पलायन रोकने के लिए बहुत जल्द जनसुराज पार्टी का गठन कर लिया जाएगा। पीके ने कहा कि पश्चिम चंपारण में जनसुराज पदयात्रा के दौरान 40 लाख की आबादी में मात्र पांच हजार लोगों को अच्छी तरह से जांच पड़ताल करके जन सुराज का संस्थापक सदस्य मनोनीत किया गया है। पीके ने सरकार पर भी हमला बोला और कहा कि गरीबी, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और वादाखिलाफी से चंपारण की जनता त्रस्त है।

# सावरकर के पोते ने राहुल के खिलाफ दर्ज कराया मामला

### भाजपा नेता ने इंदिरा का हवाला देकर घेरा

**मुंबई , एजेंसी।** हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के पोते ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ सावरकर का कथित रूप से अपमान करने का मामला दर्ज कराया है। दिवंगत स्वतंत्रता सेनानी के पोते रंजीत सावरकर ने शिवाजी पार्क थाने में दर्ज शिकायत में यह भी मांग की कि महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले पर भी इसी तरह के बयान देने के लिए मामला दर्ज किया जाना चाहिए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि अभी तक कोई प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।वीर सावरकर के पोते रंजीत सावरकर ने कहा, मैं यहां महाराष्ट्र में एक जनसभा में वीर सावरकर का अपमान करने के लिए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने आया हूं। राहुल गांधी ने कहा था कि वीर सावरकर ने पेंशन ली और अंग्रेजों के लिए काम किया और उन्होंने देश के खिलाफ भी काम किया।

राहुल गांधी ने गुरुवार को अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सावरकर पर अंग्रेजों की



मदद करने और डर से दया याचिका लिखने का आरोप लगाते हुए उन्हें निशाना बनाना जारी रखा। महाराष्ट्र के अकोला जिले के वाडेगांव में एक संवाददाता सम्मेलन में राहुल गांधी ने 1920 के सरकारी रिकर्ड से दस्तावेज दिखाए, जिसमें दावा किया गया कि उनमें सावरकर द्वारा अंग्रेजों को लिखा गया एक पत्र है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। हम आगे की जांच कर रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी के नेता आशीष शेलार ने गुरुवार को राहुल गांधी की हिंदुत्व विचारक के बारे में टिप्पणी की आलोचना करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा वी डी सावरकर की प्रशंसा का हवाला दिया। मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए शेलार ने कहा कि राहुल गांधी ने वीर सावरकर के बारे में एक बुद्धिहीन टिप्पणी की है ।

## गौथिक शैली में बना है नैनीताल हाईकोर्ट का भवन

**नैनीताल।** जिस भवन में हाईकोर्ट संचालित है वह न केवल ऐतिहासिक है, बल्कि कई मायनों में बेहद महत्वपूर्ण भी है। स्थापना के बाद से अब तक यह भवन वर्न्स डेल स्टेट से लेकर हाईकोर्ट तक का गवाह बन चुका है लेकिन विडंबना है कि कोई भी दफ्तर या संस्थान यहां स्थायी नहीं रह सका है। यह भवन गौथिक शैली में बना हुआ है।



प्रसिद्ध इतिहासकार प्रो. अजय रावत बताते हैं कि मल्लीताल क्षेत्र में वर्ष 1862 में इस भवन की स्थापना हुई। तब यह क्षेत्र वर्न्स डेल स्टेट के नाम से जाना जाता था जबकि स्टेट के संचालकों का मुख्य दफ्तर यहां माल रोड पर होता था। प्रो. रावत के मुताबिक, वर्ष 1898 में नैनीताल में राजभवन की स्थापना हुई। राजभवन बनने के बाद इस भवन का उपयोग अंग्रेज अधिकारियों ने सचिवालय के रूप में करना शुरू कर दिया। वर्ष 1900 में सचिवालय पूरी तरह इस भवन में शिफ्ट हो चुका था। प्रो. रावत के मुताबिक, ब्रिटिशकाल में यह सचिवालय भवन था। वर्ष 1961 में नैनीताल से ग्रीष्मकालीन राजधानी वापस लखनऊ स्थानांतरित हो चुकी थी और सचिवालय भवन के अधिकांश कमरे खाली हो गए थे। उसके बाद प्रदेश सरकार ने इस भवन का उपयोग विकास योजनाओं समेत अन्य कार्यालयों के लिए करना शुरू किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1973 में इस क्षेत्र के एक बड़े हिस्से का अधिकार कुमाऊं मंडल विकास निगम को मिल गया। इसके बाद निगम समेत पर्यटन विभाग के दफ्तर भी यहीं स्थापित हो गए। नौ नवंबर 2000 को अलग राज्य बनने के बाद यहां हाईकोर्ट की स्थापना हुई। न्यायमूर्ति अशोक देसाई उत्तराखंड हाईकोर्ट के पहले मुख्य न्यायाधीश थे। शुरुआत में हाईकोर्ट में सात न्यायाधीश कार्यरत थे जबकि उसके बाद न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाकर नौ कर दी गई थी।प्रदेश की भाजपा सरकार ने हाईकोर्ट को नैनीताल से हल्द्वानी शिफ्ट करने संबंधी फैसले को सैद्धांतिक स्वीति दे दी है। सरकार के इस फैसले के बाद अब देर सवेर हाईकोर्ट का हल्द्वानी शिफ्ट होना तय है। ऐसे में इस ऐतिहासिक भवन का उपयोग किस कार्य के लिए किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री प्रथम ग्राम समेकित विकास योजना होगी शुरू, गांव में होगी कैबिनेट : सीएम

### प्रत्येक गांव में होगी एक पर्यावरण मित्र की तैनाती

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड के ऐसे गांव जो भारत के प्रथम गांव हैं, उनके सुनियोजित विकास के लिए मुख्यमंत्री प्रथम ग्राम समेकित विकास योजना शुरू की जायेगी। गांवों में स्वच्छता के लिए 'मुख्यमंत्री पर्यावरण मित्र' योजना शुरू की जायेगी। जिसमें प्रत्येक गांव में एक पर्यावरण मित्र (स्वच्छक) की तैनाती की जायेगी। ग्राम पंचायतों के सुनियोजित विकास के लिए 'मुख्यमंत्री चौपाल' शुरू की जायेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं किसी गांव में जाकर चौपाल में प्रतिभाग करेंगे। "मुख्य सेवक चौपाल" में मुख्यमंत्री रात्रि विश्राम भी करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों के विकास के लिए किसी गांव में एक कैबिनेट बैठक भी आयोजित की जाए, जिसमें गांवों के विकास से संबंधित प्रस्ताव हों।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सचिवालय में पंचायती राज विभाग की समीक्षा करते हुए।

सचिवालय में पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे गांवों में धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक आधार पर कुछ दिवस वहां के लिए विशेष महत्व के होते हैं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि गांवों में इन विशेष दिवसों को चिन्हित कर उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। ग्राम सभा का स्थापना दिवस उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इनमें उन गांवों के बाहर रहने वाले प्रवासी लोगों को प्रतिभाग करने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया जाए। उच्चाधिकारी भी इनमें प्रतिभाग करें। ग्राम पंचायतों का सुनियोजित विकास हो इसके लिए चौपाल लगाई जाए। चौपाल में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए एवं अधिकारी भी चौपालों में प्रतिभाग करें। इसके लिए ग्राम सभावार रोस्टर भी बनाया जाए। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इन चौपालों दिये जाने वाले सुझावों को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए गांवों के विकास की कार्ययोजना तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि असली भारत गांवों में बसता है। राज्य के समग्र विकास के लिए गांवों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि 2025 में उत्तराखण्ड राज्य स्थापना की रजत जयंती मनायेगा। तब तक गांवों को आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में क्या प्रभावी प्रयास किये जा सकते हैं, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए हर गांवों के लिए मास्टर प्लान बनाया जाए।

अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक लक्ष्य निर्धारित किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का आम जन तक विभिन्न माध्यमों से व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। सरकार की नई योजनाओं की आम जन को जानकारी हो इसके लिए गांवों में योजनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड लगाये जायें। सभी विभाग अपने स्तर से भी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास से संबंधित अन्य राज्यों की बेस्ट प्रैक्टिसेस को अपनाया जा सकता है।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि गांवों में लोगों की आर्थिकी को बढ़ाने के लिए प्रभावी प्रयास किये जाएं। ग्राम प्रधानों को आपदा निधि के लिए दस–दस हजार रूपये की निधि प्रदान करने की व्यवस्था की जाए। गांवों में चाल–खाल बनाने की दिशा में भी ध्यान दिया जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव नितेश झा, निदेशक पंचायतीराज बंशीधर तिवारी, अपर सचिव ओंकार सिंह एवं पंचायतीराज विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## आयोग से घोषित परीक्षा तिथि को बदलने की मांग

**देहरादून।** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा कराई जा रही वन क्षेत्राधिकारी मुख्य परीक्षा के लिए चयनित युवाओं ने आयोग से घोषित परीक्षा तिथि को बदलने की मांग की है।

आयोग अध्यक्ष को भेजे ज्ञापन में युवाओं ने कहा है कि आयोग ने 14 नवंबर जारी सूचना में उक्त परीक्षा पांच सेनौ दिसंबर के बीच करानेकी घोषणा की है। जबकि ठीक इसी दौरान एक से 13 दिसंबर के बीच एसएससी की सीजीएल स्तरीय परीक्षा भी होनी है। केंद्रीय परीक्षा एजेंसी उक्त परीक्षा की घोषणा उत्तराखंड लोक सेवा आयोग सेपहले 30 अक्तूबर को कर चुका है। बहुत से युवाओं ने इन दोनों परीक्षाओं के लिए आवेदन किया है। युवाओं नेकहा कि इस साल सीजीएल के जरिए 20 हजार पदों पर नियुक्ति होनी है, इस कारण युवा इस अवसर को खोना नहीं चाहते हैं, वहीं उत्तराखंड में भी वन क्षेत्राधिकारी की परीक्षा सात साल बाद हो रही है। इस बार यह मौका हाथ सेगया तो फिर भविष्य मेंकई युवा अधिक उम्र की सीमा पार कर जाएंगे। इसलिए आयोग उक्त परीक्षा तिथि में बदलाव करे।

# राहुल के कार्यक्रम में राष्ट्रगान के बजाय बजने लगा कुछ और, हुई फजीहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उस समय अजीब स्थिति पैदा हो गई जब राष्ट्रगीत के बजाय स्पीकर पर कुछ और ही गीत बजने लगा। इसे लेकर अब राहुल गांधी भाजपा और विरोधियों के निशाने पर हैं। ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि महाराष्ट्र में कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद राहुल गांधी नेताओं से राष्ट्रगीत चलाने को कहते हैं, लेकिन जब इसे चलाया जाता है तो कोई दूसरा ही गीत बजने लगता है।

इसके बाद राहुल गांधी ने माइक पर घोषणा की, अब राष्ट्र गीत बजेगा। मंच पर हर कोई सावधान की मुद्रा में खड़ा हो जाता है। लेकिन कोई अनजान गीत बजना शुरू हो जाता है, तो राहुल गांधी हैरान दिखते हैं और एक कांग्रेसी नेता की ओर सवालिया अंदाज में इशारा करते हैं। ट्विटर पोस्ट के मुताबिक, गलती से जो गीत बजा था वह नेपाली एंथम था। आखिर में राष्ट्रगान बजाया गया, लेकिन इसका लंबा पांच-पैरा वाला संस्करण चुना



गया था। तभी किसी ने नारा लगाया, भारत माता की जयष, जबकि राष्ट्रगान अभी भी बज रहा था। इसके बाद इसे बंद कर दिया गया।

ट्विटर पर वीडियो साझा करने वालों में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव भी शामिल थे। उन्होंने कांग्रेस नेता और भारत जोड़ो यात्रा पर कटाक्ष करते हुए पूछा, ष्राष्ट्रीय गीत भारत को एकजुट करने के लिए?ष तमिलनाडु के बीजेपी नेता अमर प्रसाद रेड्डी ने इस वीडियो को इस सवाल के साथ शेयर किया, ष्राहुल गांधी, यह क्या है?ष्भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी सांसतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए रुकते हैं और स्थानीय लोगों के साथ डांस भी करते हैं। तमिलनाडु के कन्याकुमारी में 7 सितंबर को शुरू हुआ यह अभियान 20 नवंबर को अपनी 12 राज्यों की यात्रा के तहत मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगा। वादा करने के बाद भी भाजपा की सरकारें बेरोजगारों को नौकरी नहीं दे रही हैं। महागठबंधन सरकार दे रही है तो भाजपा बौखला गई है। यह सच कि अभी हो रही बहालियों की प्रक्रिया राजग सरकार के समय में ही शुरू हुई थी। इनमें से कुछ विभागों में उसी समय नियुक्ति पत्र दे दिया गया था। नए बहाल कर्मचारी प्रशिक्षण लेकर कार्यस्थल पर तैनात भी हो गए थे। हालांकि, हर मामले में ऐसा नहीं है। वैसे राज्य में कोई भी नियुक्ति निर्धारित समय में पूरी नहीं हो पाती है। सरकारी एजेंसियां बहाली की प्रक्रिया पूरी करती हैं। परिणाम घोषित होने से पहले या परिणाम घोषित होने के बाद मामला हाई कोर्ट में पहुंच जाता है। अभी जिन लोगों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है, उसकी प्रक्रिया पहले से चल रही है।

राज्य में महागठबंधन सरकार का गठन 10 अगस्त को हुआ। छह सितंबर को अनुसूचित जाति, जनजाति विभाग में 62 लिपिकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। 20 सितंबर को 4,325 राजस्व कर्मियों को मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र दिया गया। नीतीश सरकार में भाजपा कोटे से राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री रामसूरत राय ने कहा कि 4,325 राजस्व कर्मचारियों को अगस्त के पहले सप्ताह में नौकरी दे दी गई थी। उन्हें जिला भी आवंटित कर दिया गया था। 27 सितंबर को 283 पशु चिकित्सक नियुक्त किए गए।

# गोपेश्वरः दो दिन घर में ही तड़पती रही प्रसव पीड़िता

### 18 किमी पैदल चलकर पहुंचाया अस्पताल, नवजात को दिया जन्म

**गोपेश्वर।** जोशीमठ विकासखंड के दूरस्थ क्षेत्र डुमक गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में दो दिनों तक प्रसव पीड़ा से तड़पती रही महिला को 18 किलोमीटर पैदल चलकर किसी तरह से जिला मुख्यालय गोपेश्वर पहुंचाया गया। इस दौरान, प्रसव पीड़ा महिला ने नवजात शिशु को जन्म दिया। बताया कि जच्चा-बच्चा दोनों स्वास्थ्य हैं।

पहाड़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति सरकार कितनी गंभीर है। आए दिन पहाड़ में हो रही घटनाएं सरकार के पहाड़ में स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल खोल रही है।

दूरस्थ गांव डुमक की दीपक सिंह की पत्नी दीक्षा देवी की



सोमवार की रात्रि से प्रसव पीड़ा शुरू हो गई थी। स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के चलते मंगलवार को पूरे दिन महिला घर पर ही प्रसव पीड़ा से तड़पती रही।ग्रामीणों ने जब प्रसव पीड़ित महिला की हालात गंभीर देखी तो गुरुवार की सुबह गांव के युवाओं व बुजुर्गों ने गांव में आपदा विभाग की ओर से 2013 में दिए गए खस्ताहाल स्ट्रेचर को डंडियों और रस्सियों से बांधकर करीब 18 किलोमीटर चलकर प्रसव पीड़िता को कुजौं मैकोट गांव में पहुंचाया, जहां से 14 किमी सड़क मार्ग से प्रसव पीड़ा महिला को देर शाम जिला चिकित्सालय गोपेश्वर लाया गया। जिला चिकित्सालय में प्रसव पीड़ित महिला ने नवजात शिशु को जन्म दिया।

# श्री केदारनाथ यात्रा के लिए जिला प्रशासन ने कसी कमर, कार्मिकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम यात्रा को आगामी वर्ष में सुगम, सुदृढ़ एवं सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने अभी से कमर कस ली है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने केदार धाम की यात्रा व्यवस्थाओं से संबंधित आवश्यक तैयारियों हेतु सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि अगली वर्ष की यात्रा शुरू होने से पहले यात्रा मार्ग पर ड्यूटी देने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना अनिवार्य होगा। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कार्मिकों को प्रशिक्षित करने के लिए मॉड्यूल तैयार करने के निर्देश दिए। कहा कि किसी भी डॉक्टर, पुलिस कर्मी, पीआरडी, सफाई कर्मचारी को ड्यूटी शुरू करने से पहले वहां की विपरीत परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। जिला कार्यालय सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार की यात्रा में रिकॉर्ड तीर्थ यात्री केदारनाथ धाम पहुंचे हैं। साथ ही आने वाली यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में और अधिक इजाफे की संभावना है ऐसे में अभी से तैयारियों को पुख्ता करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बीती यात्रा में कुछ खामियां रही हैं जिन्हें समय रहते दुरस्त किया जा सकता है ताकि यात्रा के दौरान अव्यवस्थाओं की गुंजाइश न रहे। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सुलभ इंटरनेशनल को आगामी केदारनाथ यात्रा में बेहतर स्वच्छता व्यवस्था बनाने के लिए अभी से रोडमैप तैयार कर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि पिछली यात्रा में स्वच्छता से जुड़ी कई शिकायतें लगातार मिली हैं। यात्रा मार्ग पर शौचालयों की खराब स्थिति भी यात्रियों के लिए परेशानी का कारण रही। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी यात्रा में ऐसी स्थिति न दोहराई जाए। सुलभ इंटरनेशनल अभी से शौचालय एवं सफाई व्यवस्था दुरस्त करने के लिए काम करना शुरू कर दे। साथ ही शौचालयों एवं यात्रा मार्ग पर सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जिला पंचायत को घोड़े-खच्चरों के संचालन हेतु पंजीकरण, घोड़े-खच्चरों के मालिकों/हॉकरों को जारी किए जाने वाले पहचान पत्र समेत अन्य प्रक्रिया शुरू करने से पहले मुख्य विकास अधिकारी से सहमति लेने के निर्देश दिए। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी को यात्रा मार्ग पर चिकित्सकों एवं फार्मासिस्टों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। कहा कि उच्च स्तरीय अधिकारियों को पिछली यात्रा में काम कर चुके चिकित्सकों व फार्मासिस्टों की ही तैनाती करवाने के लिए पत्राचार करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी योगेंद्र सिंह, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.सी.एस. मार्तोलिया, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा, जखोली परमानंद राम, अधिशासी अभियंता डीडीएमए प्रवीण कर्णवाल, पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल, अधिशासी अभियंता लोनिवि जेएस रावत, जल संस्थान संजय सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी रमेश चंद्र, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।



जिलाधिकारी मयूर दीक्षित बैठक को संबोधित करते हुए।

## न्यायिक कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता, किया प्रदर्शन



नई टिहरी : बार काउंसिल आफ उत्तराखंड के आह्वान पर जिला बार एसोसियेशन टिहरी गढ़वाल ने कतिपय न्यायिक अधिकारियों द्वारा अधिवक्ताओं के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार न करने को लेकर न्यायालय के अधिकारीगणों का बहिष्कार करते हुए न्यायिक कामों से विरत रहते हुए दो घंटे का धरना-प्रदर्शन किया। जिला बार एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष संजय कुमार घिल्डियाल और सचिव महेंद्र बिष्ट के नेतृत्व में जिला न्याायल परिसर में दो घंटे का धरना–प्रदर्शन किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बैंच और बार एक सिक्के के दो पहलु हैं। वकीलों के बिना न्यायलय का काम पूरा होना संभव नहीं है। वकील फरियादियों की आवाजा को बुलंद करने का काम करते हैं। जिसके बिना न्याय के द्वार तक जाना संभव नहीं है। इसलिए न्यायिक अधिकारियों का दायित्व है कि अधिवक्ताओं के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार करने के साथ ही उचित सम्मान अधिवक्ताओं को दें। ऐसे न्यायिक अधिकारी जिनके कारण अधिवक्तओं का सम्मान प्रभावित होता है। उनके व्यवहार के खिलाफ धरने–प्रदर्शन के माध्यम से घोर भर्तसना की जाती है। इस मौके पर अधिवक्तओं में धरने–प्रदर्शन में ज्योति प्रसाद भट्ट, आनंद बेलवाल, देवेंद्र दत्त दुमोगा, केशर सिंह राणा, बीना सजवाण, पवना, नीरज कौशल, दिनेश सेमवाल, जयवीर सिंह रावत, जय प्रकाश पांडेय, राजपाल मियां, गंगा भगत आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी उत्तराखंड में स्थापित करवाने की मांग

ऋषिकेश । एम्स ऋषिकेश में कार्यरत डॉ. जितेन्द्र गैरोला ने सीएम से मुलाकात की। उन्होंने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी उत्तराखंड में स्थापित करवाने की मांग की।

गुरुवार को एम्स ऋषिकेश में कार्यरत डॉ. जितेन्द्र गैरोला ने देहरादून में सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के अंतर्गत चार जोनल ( उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी स्थापित किए जाने हैं। इस योजना का उद्देश्य यह है कि भविष्य में समय –समय पर सार्वजनिक स्वास्थ्य संक्रमण जैसे कोविड –19 जैसी महामारी से निपटने में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। इसके अतिरिक्त नई एंटी वायरल दवाइयों पर शोध, डायग्नोस्टिक किट एवं वैक्सीन व्यापक स्तर पर बनायी जा सके। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद का कोई भी संस्थान अभी तक प्रदेश में स्थापित नहीं किया गया है। अतः उत्तर राज्यों में संक्रमण रोगों की निरंतर निगरानी के लिए यह महत्वपूर्ण होगा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी उत्तराखंड में स्थापित किया जाए। इसके माध्यम से संक्रमक रोगों के निदान हेतु प्रदेश महत्वपूर्ण योगदान दे पाएगा। कहा कि राज्य में एक स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए एकीकृत परिषद स्थापित होनी चाहिए। एकीकृत परिषद के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा में शोध के लिए एक राज्य स्तरीय मल्टी–सेक्टोरल मॉडल बनाया जा सकता है और वैकल्पिक चिकित्सा को भी बढ़ावा मिलेगा।

## रेलवे की भूमि भी कब्जा रहे अतिक्रमणकारी



ऋषिकेश । अतिक्रमणकारियों के हौसले ऋषिकेश में बुलंद दिख रहे हैं। कई अतिक्रमणकारी अलग–अलग विभागों की भूमि पर कब्जा करने के बाद अब रेलवे की भूमि भी भी कब्जा रहे हैं। लेकिन रेलवे प्रशासन शिकायत का इंतजार कर रहा है।ऋषिकेश के श्यामपुर क्षेत्र से लेकर रेलवे स्टेशन तक जगह–जगह रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण पसरा हुआ है। इसमें कुछ अतिक्रमण स्थाई हैं, तो कुछ अस्थाई हैं

। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि शिकायत मिलेगी तो जरूर कार्रवाई होगी। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब तक शिकायत नहीं होगी, तब तक अतिक्रमण जस का तस बना रहेगा। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायत होने के बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती है और अतिक्रमणकारी धीरे–धीरे कब्जा जमा कर सरकारी भूमि पर पक्के कब्जे कर लेते हैं।

डीआरएम अजय नंदन का कहना है कि शिकायत मिलने पर समय–समय पर कार्रवाई होती है। भविष्य में भी शिकायत मिलती है, तो करवाई की जायेगी। यहां हुआ अतिक्रमण श्यामपुर रेलवे फाटक के पास रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण पसरा है।

दून इंस्टीट्यूट के पास रेलवे के खाली भू भाग में बिल्डिंग मैटीरियल भंडारण कर कब्जा किया हुआ है। गीतानगर में दुर्गा मंदिर के पास खाली भूखंड में ठेकेदार द्वारा निजी समान रखकर कब्जा किया है।

## एक नजर

### पैरामेडिकल के छात्रों के लिए सेमिनार का आयोजन

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज में रेडियोलोजी विभाग की ओर से पैरामेडिकल के छात्रों के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया है जिसमें उन्हें विशेषज्ञों द्वारा एक्सरे सीटी स्कैन एमआरआई की विशेषज्ञ तकनीकों के बारे में बताया गया। वहीं उनके मानसिक और शारीरिक विकास के लिए भी टिप्स दिए गए। चंडीगढ़ दिल्ली बरेली समेत एम्स और जौलीग्रांट से एक्सपर्ट यहां पहुंचे हैं विशेषज्ञ अभिषेक आनंद, अनंतराम उनियाल, हिमांशी, निधि काला नेछात्र छात्राओं को अपनेटिप्स दिए। प्राचार्य डॉ आशुतोष सयाना, संयुक्त निदेशक डॉक्टर हरीश बंधु ने इसका शुभारंभ किया। डॉक्टर सयाना ने कहा कि रेडियोलोजी के बिना चिकत्सा विज्ञान की कल्पना नहीं की जा सकती। रेडियोलोजी इसकी आत्मा है।

### अगर सब लोग झाड़ू उठा दें तो निश्चित रूप से देश साफ हो जाएगा

देहरादून। वेस्ट वारियर्ससंस्था ने हिमालय क्षेत्र में अपने 10 वर्ष पूर्ण करने पर स्वछता का संकल्प लिया। राजपुर रोड स्थित मधुवन होटल में हुए कार्यक्रम का गुरुवार को मेयर सुनील उनियाल गामा ने शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा अगर सब लोग झाड़ू उठा दें तो निश्चित रूप से देश साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा हर व्यक्ति को स्वछता के लिए आगे आना होगा।

### देहरादून में गुरुवार को अधिवक्ता कार्य बहिष्कार पर रहे

देहरादून।न्यायिक अधिकारियों पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए देहरादून में गुरुवार को अधिवक्ता कार्य बहिष्कार पर रहे। अधिवक्ता सिविल कोर्ट कंपाउंड परिसर में इकट्ठा हुए। यहां नारेबाजी करतेहुए व्यवहार में सुधार की मांग की उठाई। अधिवक्ता अदालतों में सुनवाई में शामिल नहीं हुए। इस दौरान बार काउंसिल के चेयरमैन एमएम लांबा, बार एसोसिएशन देहरादून के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल, सचिव अनिल शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश गुप्गुता, संजीव शर्मा, सौरभ दुसेजा, मनीषा दुसेजा, प्रकाश टी पाल, राजीव शर्माबंटू आदि शामिल रहे।

## डीएम ने किया जखोली ब्लॉक के ग्राम चैंरा का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जनपद में उद्यानीकरण के क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। जनपद के प्रगतिशील काश्तकारों एवं कृषकों को प्रोत्साहित करने एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित गुरूवार को विकास खंड जखोली के तोक सातोली ग्राम चैंरा के प्रगतिशील कृषक महेंद्रराज भट्ट के फॉर्म पर करीब 3 किमी. पैदल निरीक्षण करने पहुंचे। जिला योजना, राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत महेंद्र राज भट्ट द्वारा सेब, कीवी, माल्टा, बड़ी इलाइची समेत कई फल-सब्जियों का उत्पादन कर रहे हैं।

गुरूवार को उक्त फॉर्म का निरीक्षण एवं जायजा लेते हुए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने प्रगतिशील कृषक महेंद्र राज की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण दूरस्थ क्षेत्र में इस तरह के फॉर्म विकसित होने से निश्चित रूप से आजीविका में वृद्धि होती है तथा उनसे अन्य किसानों को भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर ऐसे कृषकों को हर संभव मदद दी जा रही है। साथ ही समय-समय पर उनका आवश्यक मार्गदर्शन भी किया जाता है। जनपद में ऐसे प्रगतिशील कृषकों से अन्य कृषक प्रेरित हो सकें इसके लिए उनका प्रचार-प्रसार किया जाना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनपद में सेब की पैदावार बढ़ाने के लिए सेब के बगीचों को विकसित करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में कार्य करने वाले कृषकों को उचित प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने उत्तरकाशी जैसे अन्य सेब उत्पादित जनपदों में कृषकों का भ्रमण किए जाने को आवश्यक बताया, ताकि किसान खेती की बारीकियों का निरीक्षण कर और बेहतर उत्पादन कर सकें। जिला उद्यान अधिकारी योगेंद्र चौधरी ने बताया कि वर्ष 2020-21 में 0.40 है. में करीब 5 लाख 37 हजार रुपए की लागत से सघन सेब उद्यानीकरण तैयार किया गया है। इसके अलावा कीवी, स्टॉबेरी समेत अन्य कैशक्रॉप उत्पादन के लिए भी सहायता दी गई है। मनरेगा के तहत घेरबाड़, टैंक व गूल निर्माण हेतु 9 लाख 13 हजार रुपए की धनराशि उपलब्ध कराई गई है।

काश्तकार महेंद्र राज भट्ट ने कहा कि उनके द्वारा करीब 2 है. क्षेत्रफल में सेब, कीवी, माल्टा, बड़ी इलायची, चाय समेत अन्य फल, सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है। इसके साथ ही वह मत्स्य व मुर्गी पालन का कार्य भी कर रहे है। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जखोली परमानंद राम, सूचना अधिकारी रती लाल शाह, खंड विकास अधिकारी जखोली सूर्य प्रकाश शाह, तहसीलदार राम किशोर ध्यानी, पुलिस उपनिरीक्षक केएस रावत ग्राम विकास अधिकारी उत्तम राणा, डीपीओ मनरेगा शिवा उनियाल, सहित संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुजारी को बंधक बनाकर लूटपाट करने के मामले में तीन बदमाश गिरफ्तार



हरिद्वार। मंदिर के पुजारी को बंधक बनाकर लूटपाट व मंदिर परिसर में आगजनी करने के मामले का खुलासा करते हुए थाना पथरी पुलिस व सीआईयू टीम ने तीन जोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकदी, दो तमंच व चार कारतूस, घटना में प्रयुक्त मौटरसाईकिल बरामद की है। आरोपी पलम्बर का काम करते हैं और थाना क्षेत्र के ही अलग–अलग गांवों के रहने वाले हैं। पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि बीती 14 नवम्बर को अज्ञात बदमाश ने ग्राम कटारपुर स्थित शिवमंदिर के मुख्य पुजारी ओमपुरी को बंधक बनाकर मारपीट की और नकदी व सामान से भरा एक एक बक्सा लूटकर फरार हो गए थे। बदमाशों ने मंदिर परिसर में आग भी लगा दी थी। संबंधित धाराओं में मुकद्मा दर्ज करने के बाद थाना पुलिस व सीआईयू रूड़की की टीम का गठन कर बदमाशों की धरपकड़ के लिए लगाया था। जाच पड़ताल में जुटी पुलिस टीम मुखबिरों की सूचना पर भट्टा तिराहे से तीन लोगों दिनेश पुत्र रामस्वरूप निवासी फेरूपुर, आकाश पुत्र तेलूराम व संजीव उर्फ संजू निवासी विशनपुर को गिरफ्तार कर लिया।

## कोविड महामारी के कारण फेफड़ों के स्वास्थ्य में तेजी से गिरावट आई

देहरादून। फेफड़ों को बचाए रखनेके लिए धूम्रपान सेबचना जरूरी है। कोविड महामारी के कारण फेफड़ों के स्वास्थ्य में तेजी से गिरावट आई है। जिससे कई रोगियों में सांस की तकलीफ और सीओपीडी जैसी बीमारी हो रही है।

यह बात विश्व सीओपीडी दिवस पर दून अस्पताल की ओपीडी बिल्डिंग में हुई कार्यशाला में कही गई। रेस्पिरेटरी मेडिसिन विंग में मरीजों के लिए जागरूकता कार्यक्रम और मुफ्त स्पिरोमेट्री शिविर का आयोजन किया गया है। एचओडी डॉक्टर अनुराग अग्रवाल ने कहा कि विश्व सीओपीडी दिवस का आयोजन दुनिया भर में स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों और सीओपीडी रोगी समूहों के सहयोग सेकिया जाता है। इसका उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना, ज्ञान साझा करना और दुनिया भर में ओपीडी के बोझ को कम करनेके तरीकों पर चर्चा करना है।

विश्व सीओपीडी दिवस के लिए इस वर्षका विषय आपके फेफड़े जीवन के लिए रहा। उन्होंने कहा कि धूम्रपान से सीओपीडी और फेफड़ों का कैंसर होता है। सीओपीडी से हर साल लाखों लोगों की मौत होती है। किसी भी स्तर पर धूम्रपान बंद करनेसेजान बचाई जा सकती है। सीओपीडी मेंरोगी खांसी, थूक उत्पादन, सांस की तकलीफ और गिरते स्वास्थ्य से पीड़ित होते हैं।

## नशीले कैप्सूल और टेबलेट बरामद

ऋषिकेश । नशा तस्करी में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से नशीले कैप्सूल और टेबलेट बरामद की हैं।

आरोपी की पहचान राजेश पुत्र रमेश चंद्र बेलवाल निवासी मनसा देवी, गुमानीवाला, ऋषिकेश के रूप में हुई है।

कोतवाल रवि सैनी ने बताया कि बाइक सवार आरोपी राजेश को वाहन चेकिंग के दौरान हरिद्वार बाइपास मार्ग स्थित गौरा देवी चौक पास से पकड़ा गया। संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तस्करी में प्रयुक्त बाइक को सीज कर दिया गया है। तलाशी में आरोपी से 504 कैप्सूल और 75 नशीली टेबलेट बरामद हुई हैं।

## रोस्टरवार कार्यक्रम बनाते हुए क्षेत्र का भ्रमण कर योजनाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए सीडीओ ने

देहरादून। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान ने आज विकास भवन सभागार में जिला सेक्टर/राज्य सेक्टर/केन्द्र पोषित/वाह्य सहायतित/बीस सूत्रीय कार्यक्रम एवं टास्क फोर्स की बैठक करते हुए प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान आवंटित बजट के सापेक्ष जिला योजना का व्यय प्रतिशत 53.88, राज्य सेक्टर व्यय प्रतिशत 64.69 प्रतिशत, केन्द्र पोषित योजनाओं का व्यय प्रतिशत 86.64 तथा वाह्य सहायतित योजनाओं की प्रगति 60.17 रही। उन्होंने विभागों प्रगति बढ़ाने के साथ ही रोस्टरवार कार्यक्रम बनाते हुए क्षेत्र का भ्रमण कर योजनाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर ह्यप्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियानह्व के अन्तर्गत नि–क्षय मित्र बनाय जाने के सम्बन्ध जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान ने क्षय रोगी को नि–क्षय मित्र द्वारा पोषाहार/सहायता/उपचार आदि के लिए 06 माह से 03 वर्ष तक गोद लिया जाने के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कहा कि मानवीय दृष्टिकोण से स्वेच्छा के अनुसार क्षय रोगियों को गोद लेते हुए उनके उपचार/पोषाहार अपना योगदान देने को कहा साथ ही विभागों से जुड़े संस्थान/लोगों को भी प्रेरित करते हुए इस पुनीत कार्य में बीमार लोगों के उपचार में सहयोग कर उनके जीवन में खुशियां लौटाने के भागीदार बने। क्षय रोगियों के सम्बन्ध मे जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने जिला योजना में व्यय की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विभागों को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही विभिन्न योजनाओं में जिन विभागों की प्रगति कम प्रतिशत वाले विभागो से नाराजगी जाहित करते हुए विभागों को नोटिस जारी करने के निर्देश जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को दिए। उन्होंने समस्त विभागों को माह नवंबर में होने वाली अगली समीक्षा बैठक तक योजनाओं की प्रगति 90 प्रतिशत करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि दुरस्त क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करें। न्यून प्रगति वाले विभागों में लोक निर्माण विभाग, उरेडा, मत्स्य, ग्राम्य विकास, दुग्ध, वन, उद्यान, पंचायतीराज, लघु उद्योग, ग्रामीण लद्यु उद्योग आदि विभागों को जिलाधिकारी की ओर से नोटिस जारी करने के निर्देश जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को दिए।

## लक्सर पुलिस व एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने किया बच्चा चोर गिरफ्तार

हरिद्वार। लकसर कोतवाली पुलिस ने ह्यूमन ट्रैफिकिंग के मामले का खुलासा करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी द्वारा अपहरण कर बेचे गए दो बच्चे भी पुलिस ने बरामद किए हैं। आरोपी मोहम्मद मुस्ताक कादरी निवासी बदायूं के कब्जे से चाइल्ड लाईन और अनाथालय के फर्जी दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। लकसर कोतवाली पुलिस द्वारा एक नाबालिगा के साथ दुष्कर्म के मामले की जांच के दौरान पकड़ में आए मोहम्मद मुस्ताक कादरी से पूछताछ के दौरान ह्यूमन ट्रैफिकिंग मामले का खुलासा हुआ। प्रैसवार्ता के दौरान पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि लकसर क्षेत्र की एक नाबालिगा के साथ कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कम किए जाने की जांच पड़ताल करते हुए कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लकसर रेलवे स्टेशन से मोहम्मद मुस्ताक कादरी पुत्र अकील अहमद निवासी सिरसौल पट्टी सीताराम बदायूं उ.प्र. को गिरफ्तार कर पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर भूले भटके बच्चों की तलाश में घूमता रहता है तथा मौका मिलते ही बच्चा चोरी कर लेता था। जिन्हे जरूरमंद लोगों



को बेच देता था। उसने दिल्ली बस अड्डे तथा गाजियाबाद से दो बच्चे चोरी कर देहरादून व बदायूं में बेचे हैं। एसएसपी ने बताया कि दिल्ली से चोरी किए गए बच्चे के संबंध में थाना कश्मीरी गेट में मुकद्मा दर्ज है। गाजियाबाद से चोरी किए गए बच्चे के संबंध में जानकारी जुटायी जा रही है। लोगों की नजरों में धूल झोंकने के लिए उसने चाइल्ड हेल्प लाइन व प्रयास अनाथालय दिल्ली के फर्जी दस्तावेज बनाए हुए हैं। उसने सिडकुल क्षेत्र में किराए पर कमरा लिया हुआ था और लोगों को अपना परिचय रेलवे चाइल्ड हेल्प लाइन के अधिकारी के तौर पर देता था। एसएसपी ने मामले के खुलासे के लिए विवेचक एसआई गीता चौहान व सुल्तानपुर चौकी प्रभारी मनोज नौटियाल की विशेषतौर पर प्रशंसा करते हुए इसे लकसर पुलिस एवं एंटी हयूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की शानदार उपलब्धि बताते हुए कहा कि देहरादून व बदायूं में बेचे गए दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया गया है। आरोपी मोहम्मद मुस्ताक कादरी द्वारा नाबालिगा के साथ हरिद्वार के एक लॉज में ले जाकर दुष्कर्म किया गया था। जिसमें लॉज स्वामी द्वारा नाबालिगा की आईडी नहीं लेने पर उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। एसएसपी अजय सिंह ने अपील करते हुए कहा कि बच्चा हमेशा उचित माध्यम से ही गोद लें। गोद लेने से पहले पूरी जांच पड़ताल करें। उन्होंने कहाकि लोग बच्चा गोद लेने से पहले बच्चे के संबंध में पूरी जानकारी नहीं करते है। मोहम्मद मुस्ताक कादरी जैसे शातिर लोग इसी बात का फायदा उठाते हैं। वह यदि गिरफ्तार नहीं किया जाता तो फिर किसी परिवार का बच्चा चोरी करता।

पुलिस टीम में लकसर कोतवाली प्रभारी यशपाल सिहं बिष्ट, एसएसआई अंकुर शर्मा, भिक्कमपुर चौकी प्रभारी मनोज ममगाई, सुल्तानपुर चौकी प्रभारी मनोज नौटियाल, विवेचक एसआई गीता चौहान, कांस्टेबल अजीत तोमर, राकेश कुमार शामिल रहे।

## विद्यार्थियों को बांटी स्वेटर



विद्यार्थियों के साथ मौजूद सदस्य ।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** दुगड्डा ब्लाक के अंतर्गत राउप्रावि झटरी में गुरूवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज सेवी व डॉक्टर द्वारिका प्रसाद बलोदी ने क्षेत्रीय विद्यालयों के करीब 25 बच्चों को स्वेटर वितरित किये। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को पढ़ाई में खूब मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि बच्चों को पढ़ाई के दौरान आने वाली किसी भी समस्या का समाधान करने के लिए वे तत्पर रहेंगे। प्रधानाचार्य सुरदीप सिंह गुसाईं ने डा. द्वारिका प्रसाद बलोदी की ओर से किए गए कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे छात्रों में भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान झटरी अनीता बलोदी, राजस्व उप निरीक्षक अनामिका रावत, दिनेश बलोदी और सुरेंद्र प्रसाद बलोदी सहित समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# सिस्टम सख्त, नहीं सुधर रहे वाहन संचालक

### कार्रवाई के बाद भी शहर में दौड़ रहे ओवरलोड वाहन, आमजन के साथ ही वाहन चालकों को किया जा रहा जागरूक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** बीरोंखाल सिमड़ी में हुई बस दुर्घटना के बाद भले ही सरकारी सिस्टम ने सख्ती दिखाई हो। लेकिन, आज भी कई वाहन चालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। हालत यह है कि लगातार कार्रवाई के बाद भी अधिकांश वाहन चालक शहर में ओवरलोड वाहन दौड़ा रहे हैं। नतीजा, जहां एक ओर उन्हें स्वयं का खतरा है, वहीं वे राहगीरों के लिए भी खतरे का सबब बने हुए हैं।

चार अक्टूबर को बीरोंखाल के सिमड़ी के समीप हुई बस दुर्घटना के बाद यातायात पुलिस लगातार सख्ती दिखा रही है। यही नहीं नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम बाजार व स्कूलों में अभियान चलाकर आमजन को यातायात के प्रति जागरूक कर रही है। बावजूद इसके वाहनों में ओवरलोडिंग नहीं थम रही है। क्षेत्र की सड़कों में कबाड़ से भरे ओवरलोड वाहन दौड़ते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं। जरूरत से अधिक माल से भरे यह वाहन कब किसकी जिंदगी पर भारी पड़ जाएं, कहा नहीं जा सकता।

### पुलिस से बचने को गलियों का सहारा

यातायात पुलिस की नजरों से बचने के लिए ओवरलोड कबाड़ लेकर जाने वाले वाहन चालक गलियों का सहारा लेते हैं। जिससे, दुर्घटनाओं का अधिक अंदेशा बना रहता है। यही नहीं कई बार यह वाहन बीच सड़क पर ही खराब हो जाते हैं। जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। ओवरलोड वाहनों से सबसे अधिक खतरा स्कूली बच्चों को बना रहता है।



कोटद्वार की सड़कों से गुजरता कबाड़ से भरा ओवरलोड वाहन

## एक साथ दो परीक्षाओं की तिथि से असमंजस में अभ्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः एसएससी, सीजीएल व यूकेपीएससी वन क्षेत्राधिकारी की मुख्य परीक्षा एक साथ करवाने पर अभ्यार्थियों ने रोष व्यक्त किया है। अभ्यार्थियों ने राज्यपाल को ज्ञापन भेजते हुए परीक्षा तिथि में बदलाव की मांग की है। कहा कि युवाओं के हितों को देखते हुए इस पर गंभीरता से कार्य किया जाना चाहिए।

समस्या के संबंध में अभ्यर्थियों ने राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। बताया कि प्रदेश के युवा पिछले लंबे समय से सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों पर भर्ती का इंतजार कर रहे थे। यही कारण है कि प्रदेश के अधिकांश युवाओं ने एसएससी, सीजीएल व यूकेपीएससी वन क्षेत्राधिकारी की मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन किया हुआ है। लेकिन, वन क्षेत्राधिकारी की मुख्य परीक्षा व एसएससी, सीजीएल की परीक्षा की तिथि एक साथ ही निर्धारित की गई है। ऐसे में अभ्यार्थियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

एसएससी, सीजीएस की परीक्षा एक से 13 व वन क्षेत्राधिकारी की मुख्य परीक्षा के लिए पांच से नौ दिसंबर की तिथि निर्धारित की गई है। इस स्थिति में विद्यार्थियों को एक परीक्षा से वंचित होना पड़ेगा। कहा कि वन क्षेत्राधिकारी की परीक्षा वर्ष 2015 के बाद वर्ष 2022 में करवाई जा रही है। ऐसे में विद्यार्थियों को परीक्षा को लेकर काफी उम्मीदें हैं। बेरोजगार अभ्यार्थियों के हित को देखते हुए जल्द परीक्षा की तिथि में बदलाव किया जाना चाहिए। इस मौके पर मोहित कुमार, पंकज सिंह, सिद्धार्थ, शादाब, अंकिता, सोनिया आदि मौजूद रहे।

# एक फोन पर पशुओं के उपचार को पहुंचेगी एंबुलेंस

### ◆पौड़ी जिले के नौ ब्लॉक को मिली आठ मोबाइल एंबुलेंस
### ◆गंभीर बीमार पशुओं को गोशाला व अन्य स्थानों पर किया जाएगा शिफ्ट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार**ः अब ग्रामीणों को अपने पशुओं के उपचार के लिए पशु चिकित्सालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। पशु पालकों के एक फोन पर पशु मोबाइल एंबुलेंस उनके घर पहुंचेगी और पशुओं का उपचार करेगी। प्रथम चरण में पौड़ी जिले के नौ ब्लॉक को आठ एंबुलेंस मुहैया करवाई गई है। आवश्यकता पड़ने पर पशुओं को नजदीकी गोशाला में शिफ्ट किया जाएगा।

गुरुवार को सिताबपुर स्थित पशु चिकित्सालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष पंडित राजेंद्र अण्थ्वाल ने मोबाइल एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर पर्वतीय क्षेत्रों के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पशुओं के संरक्षण को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है। बीमार पशुओं की सूचना मिलते ही 108 की तर्ज पर सायरन बजाते हुए पशु मोबाइल एंबुलेंस सेवा ग्रामीणों के घर व दरवाजे तक पहुंचेगी। एंबुलेंस में चिकित्सक व फार्मासिस्ट तैनात रहेंगे। कहा कि पशुओं के संरक्षण के लिए आमजन को भी सरकार का सहयोग करना चाहिए। मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डा.डीएस बिष्ट ने कहा कि प्रथम चरण में आठ मोबाइल एंबुलेंस विभाग को मिली हैं। केंद्र सरकार व राज्य सरकार ने पौड़ी जिले को अन्य एंबुलेंस भी उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया है। गुरुवार को दुगड्डा– जहरीखाल, यमकेश्वर–द्वारीखाल, रिखणीखाल–नैनीडांडा, पाबौ–खिर्सू, पौखड़ा–एकेश्वर, पौड़ी–कल्जीखाल के लिए एक–एक एंबुलेंस भेजी गई है। इस मौके पर भाजपा जिलाधिकारी वीरेंद्र रावत, भाबर मंडल अध्यक्ष चंद्रमोहन जसोला, महामंत्री गौरव जोशी, विजय लखेड़ा, राजेंद्र जजेड़ी आदि मौजूद रहे।




कोटद्वार के पशु चिकित्सालय में एंबुलेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष

### गेस्ट टीचरों ने किया नई भर्ती का विरोध

**पौड़ी** : माध्यमिक अतिथि शिक्षक संघ पौड़ी ने प्रदेश में गेस्ट टीचरों के 2300 पदों पर नई भर्ती का विरोध किया है। कहा कि प्रदेश में साल 2015 से कार्यरत अतिथि शिक्षकों के लिए सरकार कोई नीति नहीं बना पा रही है। अब नई भर्ती की जा रही है। जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। संघ की अध्यक्ष रेखा रावत ने कहा कि जिले में 2015 से 400 अतिथि शिक्षक वर्तमान में कार्य कर रहे हैं। पौड़ी में गेस्ट टीचरों की सेवाएं प्रभावित हुई हैं। इनको विभाग में समायोजित किए बिना सरकार नई भर्ती करने जा रही है। कहा कि संगठन द्वारा इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा और कोर्ट की शरण ली जाएगी। उपाध्यक्ष ऊषा गुसाईं ने कहा कि बिना नीति बनाए गेस्ट टीचरों की भर्ती युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। पहले सरकार को 4 हजार गेस्ट टीचरों के बारे में सोचना चाहिए। बताया कि शिक्षा मंत्री का गृह जिला होने के बाद भी जिले के अतिथि शिक्षकों को जून 2022 का मानदेय आज तक नहीं मिल पाया है। जबकि अन्य सभी जिलों में अतिथि शिक्षकों को यह मानदेय दिया जा चुका है।

# न्यायलय परिसर में अधिवक्ताओं ने दिया धरना



कोटद्वार न्यायलय परिसर में धरना देते अधिवक्ता ।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** न्यायिक अधिकारियों की ओर से अधिवक्ताओं के साथ बेहतर व्यवहार न किए जाने से नाराज कोटद्वार बार एसोसिएशन ने न्यायलय परिसर में धरना दिया। अधिवक्ताओं ने न्यायिक अधिकारियों से अधिवक्ताओं के साथ व्यवहार में सुधार की मांग उठाई।

बार कौंसिल आफ उत्तराखंड के आह्वान पर कोटद्वार बार एसोसिएशन ने सिम्मलचौड़ स्थित न्यालय परिसर में धरना दिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय पंत ने कहा कि प्रदेश में न्यायिक अधिकारियों का अधिवक्ताओं के साथ बेहतर व्यवहार नहीं रहता। जिससे कई परेशानियां होती हैं। इससे न्यायिक प्रक्रिया भी प्रभावित होती है। कहा कि प्रदेश में न्याय व्यवस्था बेहतर तरीके से संचालित हो इसके लिए अधिकारियों को अपने व्यवहार में परिवर्तन लाना होगा। इस मौके पर बार कौंसिल आफ उत्तराखंड के पूर्व अध्यक्ष हरि सिंह, शरत चंद्र गुप्ता, ध्यान सिंह नेगी, चंद्रमोहन बड़थ्वाल, मुकेश चंद्र कपटियाल, सुनील डोबरियाल, रश्मि चंदोला, रजनीश रावत, प्रवेश रावत, जसवीर राणा, अनिल खंतवाल, बृजमोहन चौहान, इंद्रेश भाटिया, शशिकांत बलूनी, कुंवर सिंह, संजय जोशी, जितेंद्र रावत, रतन सिंह, प्रदीप भट्ट, शोभा बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन, कोर्ट में कामकाज प्रभावित

**जयन्त प्रतिनिधि**

**पौड़ी** : बार काउंसिल उत्तराखंड के आह्वान पर पौड़ी में जिला अधिवक्ता संघ ने जिला न्यायालय परिसर के बाहर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कोर्ट में गुरुगुवार को कामकाज प्रभावित रहा।

गुरुवार को जिला न्यायालय के पास विधि भवन में धरना देते हुए अधिवक्ताओं ने प्रदेश के अधिकांश न्यायिक अधिकारियों द्वारा अधिवक्ताओं से गरिमा पूर्णव्यवहार न किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि बार काउंसिल उत्तराखंड के आवाहन पर पौड़ी जिले के सभी न्यायालयों में गुरूवार को सभी अधिवक्ता गण कार्य बहिष्कार पर है। अधिवक्ताओं ने कहा कि कुछ न्यायालयों में अधिवक्ताओं को सम्मान नहीं दिया जा रहा है। जबकि बेंच और बार दोनों एक ही सिक्के के पहलू हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से अधिवक्ताओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। न्यायालयों में शीघ्र ही अधिवक्ताओं के लिए रवैया बदला नहीं गया तो आगे भी आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर बार एसोसिएशन पौड़ी के अध्यक्ष मेहरबान सिंह भंडारी, सचिव आमोद नैथानी, एडवोकेट विनोद चमोली, वरिष्ठ अधिवक्ता डीएस रावत, केपी डंगवाल, पूरण सिंह नेगी, दिगपाल सिंह नेगी, विनोद कुमार, प्रेम बल्लभ पंत, मुकेश नौटियाल, डीएन शाह, कांति मैठाणी, महेश बलूनी, विनोद भंडारी, कमल बमराडा,रश्मि, ममता, लक्ष्मी, कुसुम नेगी आदि मौजूद रहे।

# वाद विवाद में प्रतियोगिता में ईशा बिष्ट रही अव्वल

### विद्यार्थियों को बताया पत्रकारिता का महत्व

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** डॉ पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के पत्रिकारिता एवं जन संचार विभाग द्वारा राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान वाद विवाद प्रतियोगिता में ईशा बिष्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में "न्यू मीडिया में बोलने की आजादी" विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग के सभी छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रतियोगिता में पहले छात्र छात्राओं ने न्यू मीडिया में बोलने की स्वतंत्रता पर अपने विचार रखे जिसके बाद एक दूसरे से सवाल जवाब कर इस विषय पर विस्तार से चर्चा भी की गई। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार ने न्यू मीडिया में बोलने की स्वतंत्रता की महत्ता के बारे में छात्र छात्राओं को बताया। वाद विवाद प्रतियोगिता के दौरान सोशल मीडिया पर विस्तार से विभाग की समंवयक प्रोफेसर प्रीति रानी ने चर्चा की। साथ ही विभाग के प्राध्यापक चक्रधर कंडवाल, डॉ. जितेन्द्र सिंह नेगी ने भी विस्तार से प्रेस में आने वाली चुनौतियों का जिक्र किया। प्रतियोगिता में ईशा बिष्ट ने प्रथम स्थान, स्वाति गुसाईं ने दूसरा स्थान तथा तनीषा जोशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सूजल वर्मा, आशीष कुमार, माही बंसल, स्वर्णिम खंतवाल, एकता रावत, काजल गिरी, तनीषा जोशी, स्वाती गुसाईं तथा ईशा बिष्ट ने अपने विचार प्रस्तुत किए।



महाविद्यालय में आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी ।

## बाबा जसवंत सिंह अमर रहें के नारों से गूंजी दुनाऊं घाटी

**पौड़ी** : विकासखंड बीरोंखाल के बाडियों दुनाऊं में महावीर चक्र विजेता बाबा जसवंत सिहं रावत का शौर्य दिवस क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा बड़े घूमधाम से मनाया गया।

गुरुवार सुबह शहीद महावीर चक्र विजेता जसवंत सिहं रावत की डोली यात्रा को बाडियों के ग्रामीणों द्वारा उनके दुनाऊंस्मारक तक लाया गया। जहां लागों ने बाबा जसवंत सिंह अमर रहें के नारों से दुनाऊं घाटी गूंज उठी। बीरोंखाल ब्लाक प्रमुख राजेश कंडारी ने बतौर मुख्य अतिथि श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि महावीर चक्र विजेता बाबा जसवंत सिहं रावत ने 17 नवंबर 1962 के भारत-चीन युद्ध में तीन सौ चीनी सैनिकों को अकेले मार गिराया। जसवंत सिंह ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया हैं। उनके बलिदान को कभी भी नहीं भुलाया जा सकता है। जेएसआर मेमोरियल ट्रस्ट के महासचिव दलिप ध्यानी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने महावीर चक्र विजेता बाबा जसवंत सिहं रावत के शौर्य दिवस को राजकीय मेला घोषित किया है। जिस पर ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने सरकार का आभार प्रकट किया है। शौर्य दिवस पर पहुंची महावीर चक्र विजेता बाबा जसवंत सिहं रावत की बहिन राजेश्वरी नेगी, प्रभा देवी को जेएसआर ट्रस्ट के लोगों ने सम्मानित किया। उधर शौर्य दिवस पर जिला सैनिक कल्याण बोर्ड लैंसडोन, सीएचसी बीरोंखाल, हंस फाउडेंशन सतपुली ने स्वास्थ्य शिविर भी लगाया। इस अवसर पर जेएसआर ट्रस्ट के अध्यक्ष कुलदीप रावत, प्रदीप खशली, दलीप ध्यानी, रघुवीर सिंह, रिटायर कर्नल ओम प्रकाश फर्सवाण, जिला पंचायत सदस्य सरिता देवी, खण्ड विकास अधिकारी सीपी बलूनी, जेष्ठ प्रमुख कुलदीप नेगी, सुनील कोटनाला, रघुवीर सिंह रावत, सोहन सिंह नेगी, शिव सिंह रावत, प्रदीप रावत, बिक्की रावत, राजेश्वरी नेगी, प्रभा, सतेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

### लंपी बीमारी के प्रति किया जागरूक

**जयन्त प्रतिनिधि ।**

**कोटद्वारः** पशुपालन विभाग की ओर से रिखणीखाल ब्लाक के ग्राम जुई के पंचायतघर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में ग्रामीणों को पशुओं की लंपी बीमारी सहित अन्य बीमारियों पर जागरूक किया गया। इस दौरान क्षेत्र प्रसार अधिकारी हर्ष मोहन सिंह नेगी ने लंपी बीमारी को लेकर फैल रहे भ्रम को दूर करने के साथ ही ग्रामीणों को पशुओं में टीका लगवाने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा

### तीलू रौतेली चौक से बालासौड़ तक निकाली गई यात्रा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में कोटद्वार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तीलू रौतेली चौक से कौड़िया–बालासौड़ होते हुए देवी मंदिर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान कांग्रेस जन अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच करो, सरकारी नियुक्तियों में भ्रष्टाचार बंद करो, अग्निपथ योजना वापस लो आदि नारेलगा रहे थे।

गुरुवार को यात्रा तीलू रौतेली चौक से यात्रा का शुभारंभ किया गया। देवी मंदिर में आयोजित सभा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में केंद्र व प्रदेश सरकार ने पूरे प्रदेश में भय और नफरत का माहौल बना दिया है। महंगाई के कारण आम जन का जीना मुश्किल हो रखा है, वहीं महिलाओं पर भी अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण आमजन परेशान हो चुका है। कहा कि कांग्रेस पार्टी आमजन के साथ खड़े होकर उसके हक की बात करेगी। इस मौके पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष महावीर रावत, पूर्व राज्यमंत्री विजय नारायण, यूथ कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रूपेंद्र नेगी, सुनील दत्त सेमवाल, बलवीर सिंह रावत, प्रवीन सिंह रावत, धीरेंद्र सिंह, बृजपाल नेगी, उमेद सिंह नेगी, जानकी बुडाकोटी, हरेंद्र सिंह गुसाईं, गीता गौड़, हरेंद्र असवाल, दलीप सिंह नेगी, दलीप सिंह रावत, अमित राज सिंह, जीतेंद्र भाटिया, केशर सिंह चौहान, आलम सिंह नेगी, राजा आर्य, प्रमोद रावत, जनक भाटिया, पवन कुमार, अनूप नेगी, वीरेंद्र थलेड़ी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में भारत जोड़ो यात्रा निकालते कांग्रेसी ।

### पंचायतों में उपचुनाव की तिथियां तय

**पौड़ी** : पंचायत में रिक्त पदों के लिए उपचुनाव की तिथियां तय कर दी गई है। पौड़ी जिले में 914 सदस्य ग्राम पंचायत और 9 ग्राम प्रधानों सहित 1 बीडीसी सीट रिक्त होने के कारण इस पर उपचुनाव होना है। जिला निर्वेचन अधिकारी पौड़ी डा. आशीष चौहान ने बताया है कि 21 नवंबर को नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने की तिथि रखी गई है। 23 को इनकी जांच की जाएगी 24 को शाम 3 बजे तक नाम वापसी हो सकेगी। इसके अगले दिन चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जाएगा। जबकि 3 दिसंबर को वोटिंग तो 5 दिसंबर को मतगणना होगी।

### सामान्य ज्ञान में रोह, सौरभ और अतुल रहे अव्वल

**पौड़ी** : महावीर चक्र विजेता बाबा जसवंत सिंह रावत के शौर्य दिवस पर जनता इंटर कालेज सिमड़ी में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित कि गई। सिमड़ी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एमएस रावत ने बताया कि महावीर चक्र विजेता बाबा जसवंत सिहं रावत के शौर्य दिवस पर विद्यालय में छात्रों से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्राथमिक स्तर पर रोहन प्रथम, रितीक नेगी द्वितीय, शिवानी जोशी तृतीय, जूनियर वर्ग में सौरभ रावत प्रथम, विष्णु जोशी द्वितीय, शौर्य रावत तृतीय स्थान पर रहें। सीनियर वर्ग में अतुल बौड़ाई प्रथम, गौरब सिंह द्वितीय,भाष्कर तृतीय रहें। जेएसआर ट्रस्ट के प्रतिनिधियों द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को प्रशस्त्री पत्र दिए गए। इस मौके पर जनार्द्वन जोशी, रजनी बौड़ाई, अजय गुसाईं आदि मौजूद थे।

# किच्छा में राकेश टिकैत आज शुरू करेंगे धरना–प्रदर्शन



रुद्रपुर। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत शुक्रवार यानी आज से इंटरार्क मजदूर संगठन की मांगों का समर्थन करते हुए इंटरार्क फैक्ट्री के गेट पर अनिश्चिकालीन धरना–प्रदर्शन शुरू करेंगे। अखिल भारतीय इंटरार्क मजदूर फेडरेशन ने फैक्ट्री प्रबंधन पर शोषण का आरोप लगाते हुए अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर बीते 459 दिनों से फैक्ट्री गेट पर धरना दे रखा है।

बीती चार अक्तूबर को भाकियू नेता राकेश टिकैत ने फैक्ट्री गेट पर महापंचायत कर मजूदरों की मांगों का समर्थन किया था।

महापंचायत के दौरान मजदूर और प्रबंधन की वार्ता असफल होने के बाद टिकैत ने 18 नंबवर से अनिश्चितकालीन धरना–प्रदर्शन शुरू करने का ऐलान किया था। इसके चलते गुरुवार को मजूदर संगठन ने फैक्ट्री गेट पर विशाल तम्बू लगाकर टिकैत के आगमन की तैयारी शुरू कर दी है। मजदूर नेताओं ने बैठक कर दिनभर धरना–प्रदर्शन का खाका तैयार किया।

इंटरार्क मजूदर संगठन किच्छा के अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह 11 बजे धरनास्थल पर राकेश टिकैत का आगमन होगा। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## आशा संगिनी ऐप की जानकारी दी

चम्पावत। पाटी अस्पताल में आशा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आशा संगनी ऐप और अन्य सुविधा व कार्यों की जानकारी दी गई। गुरुवार को ब्लॉक समंवयक पुष्पा जोशी के संचालन में हुए कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. गुरुशरण कौर ने संगिनी एप के बारे में बताया। डॉ.मनीषा ने नवजात शिशु को होने वाली बीमारियों की जानकारी दी। क्षय रोग सुपरवाइजर तुलसी थ्वाल ने टीबी रोग से बचाव के बारे में बताया। जिला तम्बाकू कार्यक्रम अधिकारी हरीश पांडेय ने तम्बाकू नियंत्रण के लिए जागरुकता अभियान चलाने को कहा। कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष गोपेश पचौली, प्रधान हेमा शर्मा, भगवान लाल, रंजीत मेहता, रोहित पंत, राजू पनेरू, विमलेश गहतोड़ी, पूजा, नेहा, नीमा, जानकी, मंजू जोशी, ममता बिष्ट, ज्योति उपाध्याय मौजूद रहीं।

# लापता किशोर दिल्ली से बरामद

रुद्रपुर। छह महीने पहले घर से लापता किशोर को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार दिल्ली से बरामद कर लिया है। किशोर को परिजनों को सौंप दिया गया है। इससे परिजनों में खुशी का माहौल है। थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय ने बताया कि क्षेत्र के गांव बुक्सौरा के तारकधाम कॉलोनी निवासी रघुनाथ सिंह का पुत्र जितेंद्र सिंह (16) बीती 18 मई को घर से संदिग्ध अवस्था में लापता हो गया था। उसके बड़े भाई यशपाल की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी। मामले की विवेचना एसआई देवेंद्र मेहता को सौंपी गई थी। एसआई मेहता ने बताया कि किशोर घर से पांच सौ रुपये लेकर निकला था। वह ट्रेन से दिल्ली चला गया। दिल्ली में कुछ दिन तक रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन के आसपास घूमता रहा। इस बीच चाइल्डलाइन ग्रुप ने उसे पकड़ लिया। बाद में उसे जहांगीरपुरी स्थित स्वयंसेवी संस्था प्रयास चिल्ड्रन होम के सुपुर्द कर दिया गया। एसआई ने बताया कि किशोर के पास मोबाइल फोन नहीं होने के चलते उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही थी। इसके बाद पंफलेट बनाकर उसे देश के सभी महानगरों और आसपास के क्षेत्रों के थानों, रेलवे और बस स्टेशनों के साथ सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करने के साथ लोगों में वितरित कर प्रचार–प्रसार किया गया। स्वयंसेवी संस्था के एक कार्यकर्ता ने पंफलेट देखकर किशोर को पहचान लिया। उसने फोन कर यहां की पुलिस को जानकारी दी। गुरुवार सुबह जितेंद्र को जहांगीरपुरी दिल्ली से थाने लाया गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बालक के मिलने से परिजनों में खुशी का माहौल है। वहीं परिजनों के साथ क्षेत्रवासियों ने भी पुलिस के प्रयासों की सराहना की है।

## राप्रावि माजखेत के नौ बच्चों की बिगड़ी तबीयत

बागेश्वर। कपकोट तहसील के राजकीय प्राथमिक विद्यालय के नौ बच्चों की तबियत बिगड़ गई है। बच्चों की मिश्री खाने के बाद पेट में दर्द तथा उल्टी की शिकायत हुई।

परिजन उन्हें सीएचसी कपकोट ले गए। यहां से डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जिला अस्पताल में सभी का इलाज चल रहा है। डॉक्टर रवींद्र मेर ने बताया कि फिलहाल बच्चों का स्वास्थ्य ठीक है।

# एसडीएम के निरीक्षण में गैरहाजिर मिले दो कर्मी

नैनीताल। कुमाऊं विवि में स्टार्टअप को धरातल पर उतारने की कवायद शुरू कर दी गई है। गुरुवार को विवि के इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन केंद्र की ओर से प्रशासनिक भवन में बिजनेस प्रपोजल के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। केयूआईआईसी की निदेशक डॉ. सुषमा टम्टा ने केंद्र की वार्षिक गतिविधियों की आख्या प्रस्तुत की। कहा कि कुविवि में केयूआईआईसी की स्थापना जून 2020 में कुलपति प्रो. एनके जोशी के नेतृत्व में की गई। इसे 2021 में मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन के इनोवेशन सेल भारत सरकार ने थ्री स्टार रेटिंग से नवाजा। सत्र 2021–2022 में केंद्र ने चार तरह की गतिविधियां कीं। जिसमें आईआईसी कैलेंडर एक्टिविटी के अंतर्गत डे सेलिब्रेशन कार्यक्रम, एक्सपोजर फील्ड विजिट, स्टार्टअप सेशन, उद्यमित्ता सेशन, एमआईसी ड्रावन एक्टिविटी, सेल्फ ड्राइवन एक्टिविटी शामिल हैं। केंद्र की ओर से मिनिस्ट्री के मेंटर मैटी प्रोग्राम के अंतर्गत राज कुमार गोयल तकनीकी संस्थान नोएडा का भ्रमण किया गया। इसी क्रम में केंद्र की ओर से बिजनेस प्रपोजल का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतिभागियों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। प्रथम पुरस्कार रजत पटेल को बुक्स इन माउंटेन पर, द्वितीय पुरस्कार तुषार बिष्ट को लॉन्ड्री ऑन व्हील्स पर तथा तृतीय पुरस्कार अनस अहमद को घिंगारू पर दिया गया। कनिका तिवारी, श्वेता नंदा, मयंक कार्की को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार प्रदान करते हुए कुलपति प्रो. जोशी ने प्रतिभागियों से उनकी स्टार्टअप को धरातल पर उतारने की बात कही।

## खेल महाकुंभ में छात्रों ने दिखाया दम

चम्पावत। शिक्षा विभाग की ओर से अंडर–17 बालक वर्ग की ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन जारी है। जीआईसी खेल मैदान में शिक्षक जीवन मेहता के संचालन में 100 मीटर दौड़ में जीवन सिंह धौनी, गोविंद कुमार, विपिन डांगी अव्वल रहे। दौ सौ मीटर में नितिन बिष्ट, जीवन सिंह धौनी, गोविंद कुमार, चार सौ मीटर में राहुल पांडेय, नितिन बिष्ट, करन मेहता, आठ सौ मीटर पुष्कर चंद, सचिन सिंह, रमेश सिंह,15 सौ मीटर में रोहित सिंह,रमेश सिंह,आदित्य राय,तीन हजार मीटर दौड़ में पुष्कर चंद, पीयूष तिवारी, मयंक अधिकारी, लंबी कूद में कमल बिष्ट, देवेश सिंह मंगोला, प्रियांशु भंडारी, ऊंची कूद में अमित कुमार, जितेन्द्र पाटनी, हिमांशु जोशी, दीपक सिंह, भाला फेंद में आशीष गिरी, पंकज सिंह, निर्मल सिंह कमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

## रेवाधर बृजवासी बने राष्ट्रीय सहायक सचिव

हल्द्वानी। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रेवाधर बृजवासी को राष्ट्रीय सहायक सचिव मनोनीत किया गया है। बीते दिनों बंगाल भवन गोल मार्केट दिल्ली में हुई बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ओमकार नाथ झा और महासचिव विशंभर बासु ने उनके नाम का अनुमोदन किया।

बैठक में सभी प्रदेशों के अध्यक्ष और पदाधिकारी शामिल थे। इस दौरान सस्ता गल्ला विक्रेताओं की समस्याओं पर मंथन किया गया। उन्होंने विक्रेताओं को दिए जाने वाले लाभांश में वृद्धि करवाने, डोर स्टेप डिलीवरी को समाप्त करने, सर्वर की समस्या को दुरुस्त करने, नेट रिचार्ज की धनराशि देने की मांग रखी गई। कृष्ण कुमार, कुंदन शर्मा, विशंभर कांडपाल, धर्मानंद, मकान सिंह भंडारी, देवेंद्र जोशी, मनोज कुमार, वैभव पंत, विनय पाल सिंह रावत आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

# सामूहिक अवकाश कर अधिवक्ताओं ने आक्रोश जताया



रुद्रपुर। उत्तराखंड बार काउंसिल के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने एक दिवसीय सामूहिक अवकाश कर अपना आक्रोश जताया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जजी परिसर में सांकेतिक प्रदर्शन कर विधिक कार्यों को बंद रखा। अधिवक्ताओं ने विधिक अधिकारियों का गरिमापूर्ण व्यवहार न होने और विधिक प्रक्रिया में सहयोग नहीं करने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है। गुरुवार को जिला बार एसोसिएशन ऊधमसिंह नगर के अध्यक्ष दिवाकर पांडेय एवं सचिव शिव कुंवर सिंह के नेतृत्व में सभी अधिवक्ता जजी परिसर में इकट्ठे हुए।

इस दौरान अध्यक्ष दिवाकर पांडे व सचिव शिव कुंवर ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों द्वारा अधिवक्ताओं के साथ उनकी गरिमा के अनुरूप व्यवहार नहीं किया जा रहा है। यहा काफी चिंतनीय एवं गंभीर है। पूरे प्रदेश में अधिवक्ताओं के साथ अमर्यादित व्यवहार के मामले सामने आ रहे हैं।

ऐसे में उत्तराखंड बार काउंसिल ने इसका विरोध करने का आह्वान किया है। इस अवसर पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुधीर सिंह, कोषाध्यक्ष कमल चिलाना, उप सचिव सुखदर्शन सिंह, उपाध्यक्ष करनैल कुमार शर्मा, इंद्रजीत बिट्टा, प्रीतमलाल, माया शर्मा, दिनेश गुप्ता, संजय कुमार सिंह, प्रवेश शर्मा, सुरेंद्र गिरधर, आरएन राय, नव नियुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी सनाउल्लाह खान, सर्वजीत सिंह, नरेश रस्तोगी, परवेज आलम, मक्खन सिंह, राजेश्वरी कपिता आदि मौजूद रहे।

# हिंदू बेटियों से दरिंदगी के विरोध में किया प्रदर्शन



रुद्रपुर। पिछले तीन दिनों में तीन हिंदू बेटियों से दरिंदगी का समाचार मिलने से अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने सरकार से दोषियों को फांसी देने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद प्रदेश संयोजक डॉ. राजीव कुमार महाजन ने कहा कि गत तीन दिनों में तीन हिंदू बेटियों से दरिंदगी की गई। पहले दिल्ली में हिंदू बेटी के कई टुकड़े करने की घटना सामने आयी। दूसरी घटना लखनऊ के एक फ्लैट के चौथी मंजिल से एक हिंदू बेटी को फेंक देने की समाने आई। तीसरी घटना औरंगाबाद जिला महाराष्ट्र की है। जहां एक हिंदू लड़की से एक ऑटो ड्राइवर की छेड़छाड़ से बचने के लिए तेज रफ्तार से चलते ऑटो से छलांग लगा दी थी। जो अस्पताल में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रही है। उन्होंने सभी मामलों में दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की। यहां कुंवर सिंह, चेतराम, हरचरण चन्ना, गोपाल कश्यप, अमित ढिंगड़ा, अजय सैनी, राजकुमार, अमर सिंह, अभिषेक, रावण सिंह, माया देवी, विजया पांडे, मनीषा वर्मा, अनोखी देवी, पंकज सिंह रहे।

## द्वाराहाट विधायक ने की नर्सिंग कॉलेज खोलने की मांग

अल्मोड़ा। विधायक मदन सिंह बिष्ट ने विधानसभा में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना व द्वाराहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उच्चीकरण कर नागरिक चिकित्सालय बनाने सहित 10 सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजा है। विधायक मदन सिंह बिष्ट ने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रत्येक विधानसभा के 10 महत्वपूर्ण कार्यों को मांगा गया था। उसी के अनुरूप बग्वालीपोखर में पूर्व से घोषित नर्सिंग कॉलेज की स्थापना, द्वाराहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को नागरिक चिकित्सालय बनाने सहित सड़क, पुल, पेयजल पंपिंग योजनाओं को मांग पत्र में रखा गया है।

# भुगतान नहीं होने पर ठेकेदार ने की 12 घंटे पेयजल सप्लाई बंद

हल्द्वानी। तीन महीने से बकाया भुगतान नहीं होने से खफा पेयजल वितरण कंपनी ने तल्ली हल्द्वानी में पानी की सप्लाई ठप कर दी। इसके चलते लोगों को 12 घंटे तक पानी के लिए भटकना पड़ा। बाद में स्थानीय पार्षद और लोगों की पेयजल आंदोलन की चेतावनी के बाद देर शाम छह बजे पानी की सप्लाई शुरू की जा सकी। तल्ली हल्द्वानी क्षेत्र में जल निगम ने विश्व बैंक की योजना के तहत पेयजल लाइनों को निर्माण किया है। निर्माण का काम कश्मीरी लाल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने किया था। जल निगम के साथ हुए अनुबंध के अनुसार कंपनी को ही पांच साल तक हर रोज पानी के वितरण का काम भी करना है। तीन महीने से पैसे का भुगतान नहीं होने से खफा कंपनी ने गुरुवार सुबह छह बजे की जाने वाली पेयजल की सप्लाई रोक दी। क्षेत्रीय पार्षद मनोज जोशी को मामले की जानकारी मिलने पर कंपनी के अधिकारियों से संपर्क किया। उन्हें बताया गया कि पिछले तीन माह से जल निगम ने बजट का भुगतान नही किया है। जिससे प्रोजेक्ट में काम कर रहे कर्मचारियों के वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। इसलिए उन्होंने काम करने से इनकार कर दिया है। पेयजल की सप्लाई नहीं होने से दिन भर लोगों परेशानियों को सामना करना पड़ा। पार्षद के साथ स्थानीय लोगों के आंदोलन की चेतावनी देने के बाद जल निगम और कंपनी के अधिकारियों ने बातचीत कर मामला सुलझाया। बताया गया कि जल निगम ने दोपहर में चेक से बजट का भुगतान कर दिया है। कंपनी कर्मचारियों ने बैंक में चेक को जमा करने के बाद देर शाम छह बजे पेयजल की सप्लाई शुरू की। ऐसे में जल निगम और कंपनी के आपसी विवाद में आम लोगों को 12 घंटे परेशानी झेलनी पड़ी।

# नियमों के उल्लंघन पर 5 वाहन चालकों का चालान



अल्मोड़ा। राज्य के न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ अधिवक्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के आह्वान पर अल्मोड़ा बार एसोसिएशन न्यायिक कार्यों से विरत रहा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने सांकेतिक प्रदर्शन किया।

अल्मोड़ा जजी में धरना स्थल पर वक्ताओं ने राज्य के न्यायिक अधिकारियों की ओर से अधिवक्ताओं के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार न किए जाने पर गहरी नाराजगी जाहिर की। कहा कि अधिवक्ताओं के साथ किसी भी तरह का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बार व बैंच की समय–समय पर बैठक होनी चाहिए, ताकि आगे ऐसी स्थिति न बने। धरना प्रदर्शन में बार एसोसिएशन अध्यक्ष शेखर लखचौरा, वरिष्ठ अधिवक्ता महेश परिहार, पीसी तिवारी, महेश चंद्र, कमलेश कुमार, गजेंद्र सिंह मेहता, जीवन आर्या, त्रिभुवन शर्मा, एचएस डांगी, विभा पांडे, रविंद्र बिष्ट, भूपेंद्र सिंह मियान, देवेश बिष्ट, माधव सिंह जीना, सुनील कुमार, प्रेम आर्या, कृष्ण सिंह बिष्ट, प्रताप सिंह अधिकारी, अनूप कुमार, हरीश लोहनी, जगदीश तिवारी, संदीप टम्टा, मोहन सिंह, संजय विद्यार्थी, धीरेश जोशी, शंकर कुमार, मनोज सिंह, घनश्याम जोशी, एसके पंत, संजय कर्म्याल, इमरोज खान, पंकज लटवाल, रोहित बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## कौसानी महोत्सव की तैयारियों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

बागेश्वर। 19 व 20 नवंबर को आयोजित कौसानी महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कौसानी विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है। कौसानी महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे।

कहा कि कौसानी महोत्सव का मुख्य उद्देश्य पर्यटन को बढ़ाना हैं। महोत्सव का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास द्वारा किया जाएगा। महोत्सव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आगमन की प्रबल संभावना जताई जा रही है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक हिमांशु वर्मा, अपरजिलाधिकारी चंद्रसिंह इमराल, उपजिलाधिकारी राजकुमार पांडे,तहसीलदार तितिक्षा जोशी,भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्शवान,जिपंस जनार्दन लोहुमी, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बबलू नेगी, होटल एसोसिएशन सदस्य विपिन उप्रेती आदि मौजूद रहे।

# चौड़ीकरण का मलबा फेंका जा रहा नदी में



बागेश्वर। बागेश्वर–गिरेछीना मोटर मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान निकल रहे मलबे को विभागीय ठेकेदार द्वारा सरेआम गोमती नदी में डाला जा रहा है, जिससे गोमती समेत सरयू नदी प्रदूषित हो रही है। नगर के नजदीक में एनजीटी के मानकों का उल्लंघन किया जा रहा है, परंतु प्रषासन व वन विभाग मौन है। स्थानीय नागरिकों ने इस मामले में जांच करके कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि इन दिनों लोक निर्माण विभाग द्वारा बागेश्वर–गिरेछीना मोटर मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है जिसका जिम्मा विभागीय अनुबंध के अनुसार एक कंपनी को दिया गया है। इन दिनों ठेकेदार द्वारा अमसरकोट से बागेश्वर की ओर कार्य किया जा रहा है, जिसमें सड़क चौड़ीकरण के साथ ही सुरक्षा दीवार आदि का निर्माण किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा लोनिवि के अधिकारियों के सामने ही द्वारिकाधीश मंदिर के बगल से इसे गोमती नदी की ओर डाला जा रहा है, प्रतिदिन कई डंपरों के माध्यम से मलबा डालने से मलबा गोमती नदी में जा रहा है तथा हल्की बरसात में ही इस मलबे के पूरी तरह से नदी में जाने की संभावना बनी हुई जिससे गोमती नदी प्रदूषित हो रही है जो कि आगे जाकर सरयू नदी में मिलती है तथा इस प्रदूषण का प्रभाव सरयू नदी में भी पड़ रहा है। इस मामले में राजस्व व वन विभाग की चुप्पी पर लोगों ने आश्चर्य व्यक्त किया है। स्थानीय जनता ने इस पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी से मामले की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने दीवार में प्रयुक्त किए जा रहे पत्थरों के भी अवैध होने की आशंका व्यक्त करते हुए इसके रवन्ना आदि जांच की मांग की है।

# विधायक कैड़ा ने किया बंद मोटर मार्ग का निरीक्षण



हल्द्वानी। विधायक राम सिंह कैड़ा ने गुरुवार को पसौली के पास बंद हैड़ाखान–खनस्यू मोटर मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बिना बारिश के यह मार्ग बार–बार बंद हो रहा है। जिस कारण भीमताल ब्लॉक व ओखलकाडा ब्लॉक के 5 दर्जन से अधिक ग्राम सभा के ग्रामीणों को अपने उत्पाद मंडी पहुंचाने, मरीजों को अस्पताल ले जाने और लोगों को आवाजाही करने में परेशानी हो रही है। विधायक ने बताया कि जेसीबी मशीन से मार्ग को खोलने का काम जारी है। लेकिन ऊपर से लगातार मलबा गिरने से मार्ग धंस रहा है। मोटर मार्ग खुलने के कुछ देर बाद फिर पहाड़ से मलबा गिरना बड़ी समस्या बनी हुई है। इसका समाधान होना आवश्यक है। कैड़ा ने लोनिवि के अधिकारियों व भू–गर्भ की टीम से संयुक्त निरीक्षण कर समस्या का स्थायी समाधान निकालने को कहा है।

## अश्लील मैसेज भेजने वाला निकला नाबालिग

पिथौरागढ़। जिला पूर्ति कार्यालय की एक महिला अधिकारी को अश्लील मैसेज भेजने वाला एक नाबालिग निकला। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते दिनों महिला अधिकारी ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी कि उन्हें एक अंजान नंबर से अश्लील मैसेज आ रहे हैं। साथ ही फोन में रिचार्ज करने के लिए धमकी दे रहा है। पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान मैसेज भेजने वाला बेरीनाग का एक नाबालिग निकला।

# महिलाओं ने बिलकिस बानो के दोषियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई

नैनीताल। प्रगतिशील महिला एकता केंद्र के सदस्यों ने बिलकिस बानो के दोषियों को गिरफ्तार करने, अंकिता भंडारी के हत्यारोपियों को कड़ी सजा दिलाए जाने की मांग की। वहीं राम रहीम जैसे हत्यारे बलात्कारी को बार–बार पेरोल पर छोड़े जाने के विरोध में सुप्रीम कोर्ट को एसडीएम रामनगर के माध्यम से ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की तुलसी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा किया है। किस तरह गोधरा कांड ने बिलकिस बानो के परिवार के 14 सदस्यों को जान से मार दिया गया।

उन्होंने बताया कि आरोपियों ने बिलकिस की 3 साल की बेटी को भी नहीं छोड़ा ऐसे जघन्य वर्ग अपराधियों को गुजरात सरकार ने क्षमा नीति के तहत आजाद कर फूलमाला, मिठाइयों व तिलक लगाकर स्वागत किया। शीला शर्मा ने कहा राम रहीम जैसे दुष्कर्म करने वाले को बार–बार पेरोल पर छोड़ा जा रहा है। अपराधियों को इस तरह खुला छोड़ने से न्याय पर से भरोसा टूट रहा है। कहा बिलकिस बानो के अपराधियों को पुनः गिरफ्तार कर सजा पूरी करवाई जाए और अंकिता भंडारी के आरोपियों को सख्त से सख्त सज़ा दी जाए। यहां शीला, तुलसी, लता, मीना, आरती, गीता और बीना, साक्षी तिवारी, रेनू लखचौरा, रवि आदि मौजूद रहे।

# लोगों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए : डीएम

## योजनाओं से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेने की जरूरत

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिलाधिकारी ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं सार्वजनिक हितों वाली योजनाओं से संबंधित शिकायतों को अधिक गंभीरता से लेने की जरूरत है। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया कि विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन विशेषकर विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, आधार कार्ड बनवाना तथा स्वतन्त्रता सेनानी पेंशन व आधार कार्ड बनाने हेतु विभिन्न क्षेत्रों में शिविर लगवानें तथा पेंशन के अनुमन्य लोगों को पेंशन दिलवाएं। उन्होंने विशेष पखवाड़ा (15 दिन की अवधि) में इसमें अपेक्षित प्रगति देने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को निर्देशित किया कि जिन–जिन विकासखंड़ों के स्वास्थ्य केंद्रों में टीकाकरण की व्यापक सुविधा नहीं है वहां सुविधा उपलब्ध करवायें, जननी सुरक्षा योजना से संबंधित जितने भी पूर्व के भुगतान लंबित हैं उन सभी का तत्काल भुगतान करें। लोगों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाय।



जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री हैल्पलाइन 1905 में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसी शिकायतें जिनको तत्काल निस्तारित किया जा सकता है तथा जिनके निस्तारण में अधिक समय अपेक्षित नहीं होता उनका तत्काल निस्तारण करें। इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा, पेयजल निगम, नगर निगम जैसे विभाग जिनकी सर्वाधिक शिकायतें लंबित हैं साथ ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण, पंचायतीराज विभाग, उत्तराखंड परिवहन निगम आदि विभागों जिनके पास भी शिकायतें लंबित हैं उनको अगले 07 दिनों के भीतर व्यक्तिगत पहल करते हुए शिकायकर्ता से बातचीत करके तथा समस्या का निराकण करते हुए कृत कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का पुराना भुगतान या बहुत पुरान मामला लंबित ना रहे पुराने मामलों का युद्धस्तर पर निस्तारण करें। उन्होंने वन विभाग को निर्देशित किया कि विगत वर्षों से वन्य जीव के हमले की घटित घटनाओं के संबंध में क्षेत्रवार घटनाओं का पैटर्न बताते हुए विवरण प्रस्तुत करें ताकि उसकी रोकथाम के संबंध में अग्रिम कार्यवाही की जा सके। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता लोनिवि पीएस बृजवाल, अधीक्षण अभियंता पेयजल निगम संजय सिंह, जिला विकास अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह चौहान, एएसपी अनूप काला, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, डीपीआरओ जितेंद्र कुमार, मुख्य शिक्षाधिकारी डॉ. आंनद भारद्धाज, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रत्येक व्यक्ति माँ गंगा पर निर्भर : भट्ट



जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : नेहरू युवा केंद्र, पौड़ी, (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय) द्वारा गंगा ग्राम उफल्डा में आयोजित पंचायत स्तरीय गंगादूतों का दो दिवसीय प्रशिक्षण गंगा संरक्षण संकल्प के साथ सम्पन्न किया गया। जिला युवा अधिकारी शैलेश भट्ट ने गंगा के महत्व को बताते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य में हम मां गंगा के संरक्षण की बात नहीं कर रहे, बल्कि उसके जरिए हम अपने संरक्षण की बात कर रहें हैं। क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति माँ गंगा पर निर्भर है और मां गंगा दूषित हो रही है। उसका प्रभाव मानव पर ही दिखने को मिल रहा है।

प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. राकेश नेगी, कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर ने युवाओं को गंगा की स्वच्छता का संदेश देते हुए प्रेरित किया कि हमें स्वयं से स्वच्छता की पहल कर अन्य जनमानस को भी जागरूक करना होगा। विशिष्ट अतिथि राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उफल्डा के प्रधानाचार्य दिनेश सिंह पुण्डीर ने कहा कि गंगा को हम माँ का दर्जा देते है और वर्तमान परिपेक्ष्य को देखा जाए तो गंगा को दूषित करने में हम सभी जिम्मेदार हैं। हम सभी ने अपने आस-पास के पर्यावरण को प्लास्टिक कचरे से भरा है, जिससे कई प्रकार की बीमारियां देखने को मिल रही हैं। जिला परियोजना अधिकारी अजय कुमार ने गंगादूत प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि गंगा से जुड़े गांव के युवाओं को प्रशिक्षित करने का उद्देश्य गंगादूतों को गांव में जाकर ग्रामीणों को जागरूक कर गांव के गधेरे, प्राकृतिक स्रोतों में गन्द्गी न डालने हेतु प्रेरित करना है। क्योंकि धीरे-धीरे पानी के साथ गन्द्गी नदी में जाकर पानी को दूषित करती है। कार्यक्रम का संचालन कविता पंवार, स्वयं सेवी ज्योति ने किया। कार्यक्रम में उफल्डा, फतेहपुर रति, वैद्यगांव, श्रीनगर आदि गांवो के युवाओं सहित धनवीर सिंह प्रयोगशाला सहायक राउमावि उफल्डा, युवा मंडल सदस्य नन्दिनी मियाँ, कृष सागर, राहुल धनशाला, मोनिका काण्डपाल, साहिल धनाई आदि उपस्थित रहें।

# डीएम ने दिये संग्रह अमीनों के वेतन रोकने के आदेश



जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिलाधिकारी ने तहसीलवार राजस्व संग्रह अमीनों के विविध देयों की वसूली के कार्यों की प्रगति का विवरण प्राप्त किया। उन्होंने जिन कार्मिकों की राजस्व वसूली 50 प्रतिशत से नीचे रही तथा जब तक उनकी प्रगति संतोषजनक नहीं हो जाती तब तक उनका वेतन आहरित न करने के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में जनपद की विभिन्न तहसीलों में विविध देयों की राजस्व वसूली के संबंध में वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि अगली पाक्षिक राजस्व वसूली रिपोर्ट तक संतोषजनक राजस्व वसूली करें। उन्होंने कहा कि जो राजस्व संग्रह अमीन वसूली की प्रगति संतोषजनक नहीं कर पायेंगे तो संबंधित कार्मिक पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों व तहसीलदारों को विविध देयों की वसूली की प्रगति बढ़ाने के लिए नियमानुसार अपने स्तर पर समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिये, जिसमें विभिन्न कार्मिकों की जिम्मेदारी तय करने की भी बात कही। जनपद में कुल 10 संग्रह अमीन की विविध देयों की वसूली में प्रगति 50 प्रतिशत से कम रही। तहसील पौड़ी में सब्बल सिंह, बीरेंद्र सिंह, संतोष उनियाल, अरविंद ममगांई, तेजपाल सिंह, नन्दलाल शाह, रविन्द्र कुमार और शभुप्रसाद। तहसील थलीसैंण से महिपाल सिंह रावत तथा तहसील धुमाकोट से जितेंद्र सिंह बिष्ट राजस्व संग्रह अमीन की प्रगति 50 प्रतिशत से कम रही। वर्चुअल बैठक में उपजिलाधिकारी सतपुली संदीप कुमार, तहसीलदार कोटद्वार विकास अवस्थी सहित एनआईसी सभागार से वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अजीत रावत और सहायक मुख्य राजस्व लेखाकार इमरान हुसैन उपस्थित रहे।

## सोलर लाइट चोरी, दर्ज कराई रिपोर्ट

जयन्त प्रतिनिधि।श्रीनगर : समाज सेवी संस्था स्टॉप टीयर्स की ओर से देलचौरी सड़क के किनारे लगाई गई सोलर लाइट पर चोरों की नजर है। संस्था द्वारा लोगों को अंधेरे से निजात दिलाने के लिए 60 सोलर लाइट लगाई गई हैं। जिसमें से अरकणी बैंड पर चोरों ने एक सोलर लाइट चोरी कर दी है। संस्था के संस्थापक प्रमोद बमराड़ा का कहना है कि इस संदर्भ में कोतवाली श्रीनगर में शिकायत दर्ज कराई गई है।

## मतदान के लिए बिड़ला परिसर के छात्रों में दिखा उत्साह

जयन्त प्रतिनिधि। श्रीनगर : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला परिसर में गुरुवार को मतदान के लिए छात्रों में खूब उत्साह दिखा। सुबह आठ बजे से मतदान शुरू होने से पहले ही छात्र-छात्राएं परिसर में पहुंचने शुरू हो गए थे। 11 बजे के बाद परिसर में मतदान करने के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं की भारी भीड़ जुट गई। जिससे पुलिस प्रशासन व नियंता बोर्ड को भी व्यवस्था बनाने के लिए पसीना बहाना पड़ा।गढ़वाल केंद्रीय विवि में गुरुवार को सुबह आठ बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। नियंता मंडल के सदस्य व पुलिस, पीएसी के जवान परिसर में शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाने के लिए बड़ी संख्या में तैनात किए गए थे। बिड़ला परिसर के मुख्य गेट पर छात्रों को अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील करने के लिए विवि प्रशासन की ओर से छूट दी गई थी। परिसर के दूसरे गेट से पहले ही बेरीकेडिंग कर परिचय पत्र दिखाने पर ही छात्र-छात्राओं को अंदर जाने की अनुमति दी गई थी। इस दौरान मतदान करने व अपने-अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदाताओं से वोट करने की अपील को लेकर छात्र-छात्राएं उत्साहित दिखे।

# खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेलकर देश का नाम रोशन करें

## सीएम ने किया 48 वीं राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी चैम्पियनशिप का शुभारंभ

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को हरिद्वार स्थित पंतद्वीप मैदान पंहुचकर 48 वीं राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी चैम्पियनशिप-2022 का द्वीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने देश के 30 राज्यों से आये खिलाड़ियों के साथ सांकेतिक रुप से कबड्डी खेलते हुए खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेलकर देश का नाम रोशन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार निरंतर खेल प्रेमियों के लिए कन्धे से कन्धा मिलाकर खड़ी है। कबड्डी एक रोचक खेल है जिसे उन्होंने बाल्यकाल में काफी खेला है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के बीच आकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दूरस्थ गांवों में छुपी खेल प्रतिभा को मंच देने का कार्य कर रही है। ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ी जो अभाव या कमी के कारण अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं कर पाते है उनके लिए प्रदेश सरकार समर्पण भाव से कार्य कर रही है। बच्चों में ऊर्जा का एक अलग ही स्तर होता है जिसे खेल में लगाकर खिलाड़ी नाम कमाने के साथ ही खेल को अपना प्रोफेशन बना सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री उदयीमान खिलाड़ी योजना, खेल छात्रवृत्ति योजनाए लागू की हैं। प्रदेश में खिलाड़ियों को तैयारियों के लिए जरुरी सुविधा मिले इसके लिए नई खेल नीति लागू की गई है। उन्होंने कहा कि देहरादून में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज को स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के रुप में विकसित किया जा रहा है, इसके अलावा गावों में युवा सेहतमंद रहें इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ओपन जिम की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने खेल प्रोत्साहन राशि को भी बढ़ाने का काम किया है। कार्यक्रम में विधायक मदन कौशिक, आदेश चौहान, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतिश्वरानंद, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष स्वामी रविद्र पुरी महाराज, हरिद्वार महापौर अनिता शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, रुड़की भाजपा जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, उत्तखण्ड कबड्डी एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष बृजभूषण विद्यार्थी समेत जिलाधिकारी डा0 विनय शंकर पांडेय, एसएसपी अजय सिंह समेत बड़ी संख्या में विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हरिद्वार स्थित पंतद्वीप मैदान में कबड्डी खेलते हुए।

# मैराथन में सतपाल तो निबंध में संजना ने जीता पुरस्कार

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : आशुतोष हैप्पीनैस वर्ल्ड के द्वारा राजकीय इंटर कालेज भगवती तलिया के सहयोग से ब्लाक स्तर पर निबंध प्रतियोगिता और मैराथन का आयोजन कराया गया। मैराथन में पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा व पांचवां स्थान क्रमशः सतपाल राइंका, स्यूंसी, ऋतिक रावत राइंका, बैजरो, सूरज रावत, पइंका, चौखाल, प्रसून नेगी व शिवलिंग रावत राइंका भगवती तलिया ने हासिल किया। निबंध प्रतियोगिता में संजना 12वीं कक्षा राइंका भगवती तलिया, आकांक्षी 12वीं कक्षा राइंका, स्यूंसी, आकाश शाह कक्षा 12, शौर्य ढौंडियाल 9वीं कक्षा पइंका चौखाल व दिया कक्षा 9वीं राजकीय हाई स्कूल डुलमोट ने क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा व पांचवां स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत पौड़ी अध्यक्षा श्रीमती शांति देवी ने पुरस्कार वितरित किये। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और दूर–दराज के क्षेत्र में इस प्रकार का आयोजन बहुत ही सराहनीय है, जिससे ग्रामीण छात्रों को प्रेरणा और प्रोत्साहन मिलता है। समारोह अध्यक्ष राजेश कंडारी ने कहा कि आशुतोष हैप्पीनैस वर्ल्ड ने एक अनोखी पहल और मिसाल कायम करके बीरोंखाल ब्लॉक के स्कूलों के छात्रों को अच्छा प्लेटफार्म दिया है। जिसमें उन्हें अपने को ठीक से पहचानने और निखारने का बेहतरीन अवसर मिलता है। विशिष्ट अतिथि श्रीमती वर्षा भारद्वाज ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को ऐसे अवसरों का लाभ उठाते हुए आगे बढ़ने की राह तलाशनी चाहिए। आशुतोष हैप्पीनैस वर्ल्ड के निदेशक चंद्र प्रकाश ढौंडियाल ने कहा कि ग्रामीण समाज के बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन आवश्यक हैं ताकि ग्रामीण व दूर–दराज के क्षेत्रों में छात्रों को प्रोत्साहित करके उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को उजागर किया जा सके। राइंका भगवती तलिया के प्रधानाचार्य बीएल जितेला ने कहा कि ग्रामीण छात्रों को ऐसे अवसर बहुत कम मिलते हैं लेकिन आशुतोष हैप्पीनैस वर्ल्ड द्वारा प्रत्येक वर्ष ऐसे आयोजन करके छात्रों को प्रेरित व प्रोत्साहित करना अत्यंत सराहनीय और अनुकरणीय है। आयोजन की संचालिका श्रीमती अनीता बलूनी ने कहा कि दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम विजेता को 2500 रूपये नगद एवं ट्रॉफी, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 2100 रूपये नकद एवं ट्रॉफी, तृतीय को 1500 रूपये नकद एवं ट्रॉफी, चतुर्थ एवं पंचम स्थान हासिल करने वाले को 1000 रूपये पुरस्कार स्वरूप दिये गये। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को ट्राफियां और प्रमाण पत्र भी दिए गए। मैराथन के प्रतिभागियों को टी–शर्ट भी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती शांति देवी, ब्लाक प्रमुख, राजेश कंडारी, बीडीओ चंद्र प्रकाश बलूनी, खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती वर्षा भारद्वाज आदि मौजूद थे।



## अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे

जयन्त प्रतिनिधि।श्रीनगर : बार कौंसिल ऑफ उत्तराखंड नैनीताल व राज्य के समस्त बार एसोसिएशनों की संयुक्त बैठक में लिए गए निर्णय के तहत अधिकांश न्यायिक अधिकारियों द्वारा अधिवक्ताओं से गरिमा पूर्ण व्यवहार न किए जाने के विरोध में यहां अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे।

गुरुवार को बार एसोसिएशन श्रीनगर के सभी सदस्यों ने अपने-अपने न्यायिक कार्यों से अपराह्न एक बजे तक विरत रहकर धरना प्रदर्शन किया।


**उत्तर रेलवे**

सूचना

ई फाईल नं– 145404 पासे0 ई/ई0सी0/कान्ट्रेक्ट पैरा मेडिकल स्टाफ/20 दिनांक 17.11.2022

इस कार्यालय द्वारा दिनांक 13.10.2022 को पैरा मेडिकल स्टाफ फार्मेसिस्ट, रेडियो ग्राफर एवं लैब असिस्टेन्ट के लिये आवेदन मांगे गये थे जिसमें आवेदन मांगने की अन्तिम तिथि 11.11.2022 तथा साक्षात्कार दिनांक 25.11.2022 को निर्धारित था, जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। इन आदेशों को सक्षम अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है। 1072/2022

यात्रियों की सेवा में मुस्कान के साथ


# उत्तराखण्ड में हाइड्रो पावर एवं पर्यटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं : सीएम



जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय और इसका भू-वैज्ञानिक महत्व देश और दुनिया के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसका गहराई से अध्ययन किया जाए तो हम पाते हैं कि हिमालय का भूविज्ञान हमारे विकास का सतत माध्यम भी है। उत्तराखण्ड प्राकृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। हमारी प्राकृतिक संपदा एवं जैव विविधता पूरे देश और दुनिया में विशिष्ट है। इन सबके साथ हिमालय हमारे प्रदेश की शोभा बढ़ा रहा है, देश की जलवायु की गुणवत्ता को सुधारने में और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में हिमालय का विशेष महत्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इकोनॉमी और ईकोलॉजी में संतुलन बनाये रखने के लिए राज्य सरकार कार्य कर रही है। हाइड्रो पावर की दृष्टि से भी हिमालय हमारे लिए विशेष महत्व रखता है। उत्तराखण्ड में हाइड्रो पावर एवं पर्यटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को जीएमएस रोड स्थित वाडिया हिमालयन भूविज्ञान संस्थान में फेडरेशन ऑफ इण्डियन जियो साइंसेज एसोसिएशन के तृतीय त्रैवार्षिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। यह सम्मेलन 'संवहनीय विकास हेतु हिमालय भूविज्ञान' पर आधारित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने फेडरेशन ऑफ इण्डियन जियो साइंसेज एसोसिएशन की सतत विकास के लिए भविष्य में किये जाने वाले प्रयासों पर आधारित पुस्तक एवं वाडिया संस्थान के निदेशक डॉ. कालाचंद सांई द्वारा लिखी गई पुस्तक आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस ऑफ जियो साइंटिस्ट का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि में आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में देशभर से वैज्ञानिक एकत्र हुए हैं। इस सम्मेलन में जो विचार मंथन किया जाएगा उससे सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के लिए अमृत जरूर निकलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साइंस एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग कर वैकल्पिक ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों के विकास में कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड प्राकृतिक आपदाओं एवं भूकम्प की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है। प्राकृतिक आपदाओं से जानमाल का कम से कम नुकसान हो, इसके लिए क्या प्रभावी प्रयास हो सकते हैं, इस सम्मेलन में इस विषय पर भी जरूर मंथन किया जाए। उन्होंने कहा कि वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान हिमालय पर्वत के भूविज्ञान को समझने और हिमालय के आस–पास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के हित में अनुसंधानों को बढ़ावा देकर प्राकृतिक जोखिमों को कम करने के लिये निरंतर इसी प्रकार कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ इण्डियन जियो साइंसेज एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो.वी.पी. डिमरी, वाडिया संस्थान के निदेशक डॉ. कालाचंद सांई एवं देशभर आये वैज्ञानिक उपस्थित थे।


**कार्यालय- नगर पालिका परिषद, दुगड्डा (पौड़ी गढ़वाल) उत्तराखण्ड**

पत्रांक 797/निविदा/222-23 दिनांक 17/11/22

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद, दुगड्डा द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत ट्रेचिंग ग्राउण्ड हेतु स्वीकृत भूमि पर प्रोसेसिंग प्लांट निर्माण से पूर्व स्थल विकास कार्य हेतु रा0वि0आ0 अन्तर्गत पालिका में पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबन्द निविदा दिनांक 8.12.2022 को दोपहर 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन दोपहर 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित निविदाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ निर्धारित धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 के रूप में पालिका पक्ष में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, दुगड्डा के नाम बन्धक रखनी होगी। निविदा के साथ रू0 100/का स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट लगा संलग्न करना अनिवार्य है। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। अन्य शर्तें व विवरण पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। निविदा फार्म निविदा मूल्य जमा कर पालिका कार्यालय में दिनांक 01-12-2022 से दिनांक 07.12.2022 तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकेगे। निविदा तिथि को अवकाश होने की दशा में अगले कार्य दिवस को निविदा तिथि माना जायेगा।

| क्र. सं | कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख में) | धरो0 राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद, दुगड्डा में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन अन्तर्गत डाडामण्डी रोड पर आमडाली के पास ट्रेचिंग ग्राउण्ड हेतु कटिंग, समतलीकरण एवं सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य। | 24.85 | 50,000.00 | 2000.00 | 04 माह |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, दुगड्डा**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, दुगड्डा**

सम्पादकीय

# घुसपैठ की कीमत मौत

बाघ संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाले या बाघों के संरक्षण के समर्थकों के लिए उत्तराखंड से मिली वह खबर काफी दुखदाई रही जिसमें एक बुजुर्ग मादा बाघिन को वन कर्मी ने गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। वायरल हुए वीडियो में स्पष्ट नजर आ रहा था कि बाघिन काफी बुजुर्ग थी और दौड़ भागने में भी सक्रिय नजर नहीं आ रही थी। हां इतना जरूर है कि वह लोगों की भीड़ में फंसकर अपने बचाव में आक्रामक तेवर दिखा रही थी लेकिन वहां उसने किसी पर हमला किया हो ऐसा नजर नहीं आया। उत्तराखंड में बाघ संरक्षण की स्थिति पर नजर डालें तो हमारा राज्य बाघों की संख्या में तीसरे स्थान पर है। अल्मोड़ा के मर्चुला क्षेत्र से सामने आया यह वीडियो पशु प्रेमियों को काफी विचलित कर रहा है जिसमें स्थिति बाघिन को बचाने जैसी बन सकती थी लेकिन किन परिस्थितियों में उसे गोली मार दी गई यह तो जांच का विषय है किंतु इतना जरूर है कि वन कर्मी थोड़ा प्रयास करते तो उसे जिंदा पकड़ा जा सकता था। विभाग में गोली चलने की घटना को वहां मौजूद लोगों से जोड़ने का प्रयास किया लेकिन जब जांच हुई तो दूध का दूध और पानी का पानी हो गया, जिसमें स्पष्ट हुआ कि गोली वनकर्मी रक्षक द्वारा ही चलाई गई थी जिसे कार्रवाई के नाम पर फिलहाल मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है। प्रश्न यह उठता है कि आखिर विभाग ने एक बूढ़ी वह कमजोर बाघिन को बिना जांचे परखे गोली कैसे मार दी? विभाग के पास ऐसा कोई फीडबैक नहीं था जिसमें इस बाघिन द्वारा पूर्व में किसी हिंसक हमले को अंजाम दिया गया हो या ग्रामीणों के मवेशियों को मार डालने की कोई सूचना हो। विभाग की ओर से ना तो इस बाघिन को नरभक्षी घोषित किया गया था और ना ही मारी गई बाघिन की हरकत ऐसी थी कि वह किसी पर हमला कर सकती थी। इस सब के बावजूद आवेश में आकर फरेस्ट गार्ड ने उसे गोली मार दी जो कि काफी निंदनीय है। निश्चित तौर पर शिकार कर पाने में असमर्थ होने की दशा में ही यह बाघिन मनुष्यों की बस्ती में आई जहां ग्रामीणों की भीड़ ने उसे घेर लिया और बाद में उसे इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। आज हमारे जंगल से लगातार घटते जा रहे हैं जिसका प्रभाव वन्यजीवों के आहार-वहार पर पड़ रहा है। उत्तराखंड के जंगल भी हिंसक जानवरों से भरे हुए हैं लेकिन जंगलों में इंसानों की आवाजाही एवं शिकार के कम होते अवसरों के बाद इन हिंसक जानवरों ने मनुष्य की बस्ती की ओर रुख करना शुरू किया है। कहीं ना कहीं इसके लिए हम स्वयं भी जिम्मेदार हैं क्योंकि हम उनकी प्रातिक दशा में सीधे सीधे दखल अंदाजी कर रहे हैं। वन विभाग को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि आपात स्थितियों में यदि कोई हिंसक जानवर किसी रिहायशी बस्ती में घुस आए तो उस पर कैसे नियंत्रण किया जाए? सीधे गोली मारना किसी समस्या का समाधान नहीं है और ठीक यही प्रक्रिया किसी हिंसक जानवर को नरभक्षी घोषित करने से पूर्व भी अपनाई जाती है। मर्चुला की इस घटना को एक सबक के तौर पर विभाग को लेना चाहिए और संरक्षित श्रेणी के जानवरों की सुरक्षा एवं उनके संरक्षण में जितने अधिक प्रयास सकारात्मक दिशा में हो सके वह करने चाहिए। साथ ही जंगली जानवरों को मनुष्य की बस्ती में आने से रोकने का प्रबंध भी होनी चाहिए। पूर्व में भी वन विभाग द्वारा शेर की प्रजाति के विभिन्न सदस्यों को जिंदा पकड़ा गया है जबकि यहां एक बूढ़ी बाघिन को गोली मार दी गई। अनुकूल परिस्थितियां होने के बावजूद भी बुजुर्ग बाघिन को जिंदा पकड़ने का प्रयास नजर नहीं आया जो की एक बड़ी विभागीय लापरवाही है।

# ऑनलाइन फ्रॉड : रोकने की कठिन चुनौती

**भगवती प्र.डोभाल**

देश भर में ग्राहकों को इस वर्ष की दीपावली में साइबर फ्रड के जरिए खूब ठगा गया है। इसकी जांच-पड़ताल साइबर सिक्योरिटी के ग्लोबल लीडर की पहचान रखने वाले नार्टन की ओर से 'दि हैरिस' पोल नाम की संस्था ने की है।

संस्था ने त्योहारों के दौरान खरीदारी करने वाली जनता को, जो अनलाइन घर में सामान मंगा रहे थे, उनका अध्ययन किया और उसे सार्वजनिक किया है।

अध्ययन के अनुसार सर्वे में शामिल दो तिहाई भारतीय लगभग 78 फीसद अपनी गोपनीय जानकारी के गलत इस्तेमाल को लेकर चिंतित थे, दूसरी ओर 77 फीसद लोगों को थर्ड पार्टी रिटेलर की ओर से ठग लिये जाने की चिंता सता रही थी। अनलाइन खरीदे गए रिफरबेस्ड डिवाइस के संबंध में 72 फीसद लोग चिंतित थे। सर्वे में शामिल किए गए 69 फीसद लोग अपने खरीदे गए सामान की हैकिंग के बारे में सोचकर भी परेशान थे। सर्वे में 78 फीसद लोगों ने यह भी माना कि अपने डिवाइसेज के माध्यम से अनलाइन रहकर समय बिताकर उन्होंने त्योहारों के दौरान अधिक जुड़ा हुआ महसूस किया है। इस बात को भी 74 फीसद लोग मानते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य की बेहतरी में यह सहायक रहा है। अध्ययन में 65 फीसद भारतीय वयस्कों ने इस बात पर भी जोर दिया कि यदि त्योहारों के दौरान उनकी अनलाइन उपकरणों तक पहुंच नहीं होती, तो उनका मानसिक स्वास्थ्य इससे प्रभावित होता। रिपोर्ट यह भी बताती है कि कितने ही भारतीय त्योहारों के दौरान अनलाइन शापिंग करते हुए ठगी के शिकार हुए हैं।

सर्वे में शामिल किए गए लोगों में हर व्यक्ति को औसतन करीब 6,216 रुपयों का नुकसान हुआ है। यह तो एक छोटा सर्वे था, लेकिन यदि हम अनलाइन शापिंग पर गहरी नजर से देखें, तो कई-कई लोगों को बैंकों में जमा पूंजी से भी हाथ धोना पड़ा है। लोग अनलाइन शापिंग में माहिर न होने के कारण अर्डर किए गए सामान को भी नहीं पा सके। सामान के बदले किसी को मिट्टी-पत्थर मिला तो किसी को वह सामान नहीं मिला, जिसका उन्होंने अर्डर किया। घटिया स्तर के सामान से संतोष करना पड़ा। एक भुक्तभोगी से मिलकर पता चला कि जिस सामान को उसने मंगाया था, वह आ तो गया, पर डिफेक्टिव था। उसने उसे वापस किया, इसके बावजूद उसे दोबारा उसी तरह का कंडम पीस भेजा गया।

लौटाने-भेजने का यह सिलसिला तीन बार चला, पर सही सामान ग्राहक को नहीं मिल सका कंपनी को उस बात की जानकारी देने का कोई साधन नहीं था, जिसमें डिफेक्टिव पीस की जगह सही पीस को प्राप्त किया जा सकता। कई तो थक-हारकर अपने खर्च किए गए पैसों को बचाने के चक्कर में वैसे ही संतोष कर जाते हैं। कोई सही जानकारी साझा करने वाला अनलाइन नहीं मिल पाता है।

# वांगारी मथाई पर्यावरण पर नोबुल

**सन् 80 के दशक में उनकी ख्याति ने महाद्वीप की सरहदें लांघी। वे विश्व की 100 चुनिंदा नायिकाओं में नामित हुईं और हाल अफ फेम की 500 की चमकीली सूची में शुमार। उन्हें पुरस्कार पर पुरस्कार मिले। गोल्डन आर्क अवार्ड। पेट्रा केली सोफी पुरस्कार। वेटर वर्ल्ड सोसायटी अवार्ड। वांगो पर्यावरण पुरस्कार। द वूमैन अफ द वर्ल्ड। एडिनबर्ग मेडल। उन्होंने कई बार यूएनओ को संबोधित किया। सन् 88 में उनकी किताब श्द ग्रीनबेल्ट मूवमेंट रू शेयरिंग द एप्रोच एण्ड द एक्सपीरियंस चर्चित रही। इसी क्रम में नोबुल पुरस्कार मिलने के बाद उन्होंने सन् 2007 में अपनी आत्मकथा लिखी। शीर्षक दिया श्अनबोएड। दो साल बाद उनकी एक अन्य ति आई रू श्चौलेंज फर अफ्रीका। उनका एक ही सपना था हरी भरी धरती। यही साध लिए उन्होंने 25 सितंबर, सन् 2011 को आंखें मूंदीं और अपनी चिर साधक पृथ्वीवासियों को सौंप गयीं।**

**डा.सुधीर सक्सेना**

8 अक्टूबर, सन् 2004 को जब नैरोबी में अश्वेत पर्यावरणविद सुश्री वांगारी मथाई के फोन की घंटी घनघनायी तो उन्हें शायद ही उम्मीद रही होगी कि फोन पर मिलने जा रही सूचना उनके जीवन की सबसे बड़ी और कीमती सौगात साबित होगी। फोन पर दूंसरी ओर थे नर्वे के केन्या स्थित राजदूत। उन्होंने आदरसूचक संबोधन के बाद सुश्री मथाई को इस वर्ष के नोबुल शांति पुरस्कार के लिए चुने जाने की सूचना दी तो सुश्री मथाई पलभर को विस्मय और हर्षातिरेक से अवाक रह गयीं। धड़कनों पर काबू पाकर खुशी से छलकते स्वरों में उन्होंने कहा, श्मैं बहुत खुश हूं और इस खुशी को व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। कुछ ही देर बाद नर्वे टेलीविजन ने जब प्रतिक्रिया के लिए उनसे सम्पर्क साधा तो उन्होंने कहा, श्शांति के लिए पर्यावरण बहुत महत्वपूर्ण है। जब हम अपने-अपने संसाधनों को नष्ट करते हैं और जब संसाधन सीमित हो जाते हैं, तो उनके लिए हमें लड़ाइयां लडनी पड़ती हैं।

मथाई को पर्यावरण पर नोबुल के संदर्भों पर विचार करें रू एक बिरवा रोपना और उसे फलते फूलते देखना विभीषिकाओं के बीच एक कठिन अभियान से कमतर नहीं है। वृक्ष स्वास्थ्य एवं समृद्धि के वाहक हैं और शांति के नैसर्गिक प्रतीक भी। वृक्ष पर्यावरण का सर्वोत्ष्ट मानक रचते हैं। यही वे संदर्भ हैं कि सुश्री वांगारी मथाई ने अपना सारा जीवन वृक्षारोपण अभियान को समर्पित कर दिया था। यही उनका मिशन है। नोबुल शांति पुरस्कार समिति के अध्यक्ष ओले डेनवोल्ट के अनुसार, यह पहला मौका है कि पर्यावरण ने नोबुल शांति पुरस्कार का एजेंडा तय किया है। यह पहला अवसर है कि यह प्रतिष्ठापूर्ण पुरस्कार किसी अफ्रीकी महिला को दिया जा रहा है। एक करोड़ स्वीडिश क्रोनर यानी करीब 13 लाख डलर का यह पुरस्कार सुश्री मथाई को अल्फ्रेड बर्नार्ड नोबुल की पुण्यतिथि पर 10 दिसंबर को प्रदान किया गया।

64 वर्षीया सुश्री वांगारी मथाई तब केन्या सरकार में पर्यावरण उपमंत्री थीं। यह एक महत्वपूर्ण पद और जिम्मेदारी थी। लेकिन मथाई के लिए इससे ज्यादा अहमियत रखता रहा उनका मिशन। वे अफ्रीका में हरित अभियान की पुरोधा रही हैं। वे अफ्रीका में ग्रीनबेल्ट या हरित पट्टी कार्यक्रम के तहत तब तक तीन करोड़ से ज्यादा पौधे लगा चुकी थी। इस मिशन से वे चौथाई सदी से भी अधिक समय तक जुड़ी रहीं। उन्होंने साहसिक पहल करते हुए सन् 1977 में ग्रीनबेल्ट आंदोलन की नींव रखी थी। एकाकी जिद से उपजा यह अभियान रंग लाया। उनके आंदोलन से अफ्रीका में सबसे विशाल वृक्षारोपण अभियान की शक्ल ले ली। इस अभियान से केवल पर्यावरण ही नहीं सुधरा, अपितु बहुविध लाभ मिले। जैव विविधता की समृद्धि के साथ-साथ इससे रोजगार और आजीविका के साधन विकसित हुए और समाज में महिलाओं की स्थिति सुद्दढ़ हुई।

सन् 1940 में जनमी वांगारी की शिक्षा अमेरिका में हुई और वहीं से उन्होंने जैव-विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। तदंतर वे केन्या लौटीं और पीएचडी की डिग्री हासिल करने के बाद वे नैरोबी विश्वविद्यालय में पहली महिला प्रोफेसर बनीं। उन्होंने एक राजनेता से शादी की, लेकिन पति ने वांगारी और तीन संतानों को इसलिये त्याग दिया, क्योंकि सुश्री वांगारी अधिक शिक्षित, अधिक मजबूत, अधिक कर्मठ, अधिक सफल शख्सियत थीं। पत्नी का स्वतंत्रचेता, जिद्दी और साहसी होना पति को रास नहीं आया।

उसने उन्हें छोड़ दिया, लेकिन इससे वांगारी के पांव कर्तव्यपथ से डिगे नहीं। अपने वृहद सरोकारों के चलते वे समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निरंतर पालन करती रहीं। राष्ट्रपति डेनियल आराप मोई के अधिनायकवादी काल में उन्होंने केन्या में बहुलवादी लोकतंत्र की स्थापना की मांग उठायी। इससे वे मोई और उनके पिाुओं की आंखों की किरकिरी बन गयीं। ताकतवर लबी ने सन् 1987 में उन्हें राष्ट्रपति पद के चुनाव में षडयंत्रपूर्वक दौड़ से बाहर कर दिया। पंद्रह साल बाद सन् 2002 में विपक्षी गठबंधन ने मोई को करारी शिकस्त दी। माउंट केन्या के मतदाताओं ने मथाई को भारी बहुमत से संसद के लिए चुना। उनके सरोकारों के चलते उन्हें मंत्री पद से नवाजा गया।

अपनी जद्दोजहद के चलते सुश्री वांगारी मथाई ने सन् 1989 में वूमैन अफ द वर्ल्ड और सन् 98 में श्टाइम पत्रिका की ओर से श्हीरो अफ द प्लैनेट का खिताब हासिल किया। सन् 1995 में विश्व की चर्चित महिलाओं की फेहरिस्त में उनका नाम शुमार हुआ। इस दरम्यान वांगारी ने अफना मिशन लगातार जारी रखा। नतीजतन नोबुल समिति ने उनके अभियान को सतत विकास, लोकतंत्र और शांति की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान निरूपित करते हुए नोबुल पुरस्कार देने का फैसला किया। समिति ने अपनी घोषणा में कहा-श्इस धरती पर शांति इस बार पर निर्भर करती है कि हम जीवन जीने योग्य पर्यावरण को किस प्रकार सुरक्षित रखते हैं? मथाई केन्या और अफ्रीका में जैविक विविधता समर्थित समाज अर्थव्यवस्था और सांसतिक विकास के प्रोत्साहन के लिए शुरू किए गए संघर्ष में अग्रिम मोर्चे पर खड़ी रहीं।

मथाई नोबुल पुरस्कार मिलने को अपने जीवन की सबसे सुखद घटना थी। उन्होंने कहा था-श्मैं अपना अभियान जारी रखूंगी। मैं बहुत खुश हूं और हर चीज के लिए भगवान का धन्यवाद करती हूं। मैं केन्या के नागरिकों से अपील करूंगी कि वे अभियान में मेरा साथ दें। यह और कुछ नहीं, वरन धरती पर अपने होने के लिए धरती के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करना था।

वांगारी मथाई का पूरा नाम था वूअंगरी (वांगारी) मुता मथाई। वे केन्या के किकूयू समुदाय से ताल्लुक रखती थीं। उनमें शिक्षा की गहरी ललक थी। सन 1964 में उन्होंने एटिसन, कान्सास में माउंट सेन्ट स्कोलास्टिका से जीव विज्ञान में स्नातक की उपाधि ली थी। तदंतर स्नातकोत्तर उपाधि के बाद उन्होंने पूर्वी एवं मध्य अफ्रीका की पहली डक्ट्रेट का श्रेय प्राप्त किया। सन् 76 में वह राष्ट्रीय महिला परिषद में सक्रिय हुईं और सन् 81-87 में वह परिषद की अध्यक्ष रहीं। सन् 80 के दशक में वह राष्ट्रीय महिला परिषद में सक्रिय हुईं और सन 81-87 में वह परिषद की अध्यक्ष रहीं। सन् 80 के दशक में उनका पैन अफ्रीकन ग्रीन बेल्ट नेटवर्क केन्या के बाहर युगांडा, तंजानिया, मलानी, लेसोथो, जिंबाब्वे और इथियोपिया आदि देशों में फैल गया। उनके हरित उपक्रम ने बरबस सारे विश्व का ध्यान आष्ट किया। उन्होंने प्रायरू महिला समूहों को अपने अभियान से जोड़ा।

सन् 80 के दशक में उनकी ख्याति ने महाद्वीप की सरहदें लांघी। वे विश्व की 100 चुनिंदा नायिकाओं में नामित हुईं और हाल अफ फेम की 500 की चमकीली सूची में शुमार। उन्हें पुरस्कार पर पुरस्कार मिले। गोल्डन आर्क अवार्ड। पेट्रा केली सोफी पुरस्कार। वेटर वर्ल्ड सोसायटी अवार्ड। वांगो पर्यावरण पुरस्कार। द वूमैन अफ द वर्ल्ड। एडिनबर्ग मेडल। उन्होंने कई बार यूएनओ को संबोधित किया। सन् 88 में उनकी किताब श्द ग्रीनबेल्ट मूवमेंट रू शेयरिंग द एप्रोच एण्ड द एक्सपीरियंस चर्चित रही। इसी क्रम में नोबुल पुरस्कार मिलने के बाद उन्होंने सन् 2007 में अपनी आत्मकथा लिखी। शीर्षक दिया श्अनबोएड। दो साल बाद उनकी एक अन्य ति आई रू श्चौलेंज फर अफ्रीका। उनका एक ही सपना था हरी भरी धरती। यही साध लिए उन्होंने 25 सितंबर, सन् 2011 को आंखें मूंदीं और अपनी चिर साधक पृथ्वीवासियों को सौंप गयीं।

# झारखंड में फिर सूखा

हालात ये हैं कि जब-जब सूखा पड़ता है, हाय-तौबा मचती है तो राहत की घोषणा होती है और लंबी-चौड़ी कार्ययोजना बनती है। फिर कुछ दिन बाद सब लोग भूल जाते हैं।

अगर आज भी लोगों की मुसीबत राजनीति और मीडिया के एजेंडे में होती, तो देश के ज्यादातर लोग इस बात से वाकिफ होते कि झारखंड के लोगों को इस समय सूखे की कैसी मार झेलनी पड़ रही है। लेकिन इस बात की चर्चा झारखंड के बाहर शायद ही हुई हो। हकीकत यह है कि अलग राज्य बनने से अब तक झारखंड करीब दस बार सूखे की मार झेल चुका है। इसके बावजूद इन 22 वर्षों में सूखे से निपटने और जल प्रबंधन की दिशा में ना तो कोई कारगर कदम उठाया गया और ना ही सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था हो सकी। अगर ऐसा हुआ होता, तो लोगों को बार-बार एक जैसी परेशानी से ही नहीं गुजरना पड़ता। हालात ये हैं कि जब-जब सूखा पड़ता है, हाय-तौबा मचती है तो राहत की घोषणा होती है और लंबी-चौड़ी कार्ययोजना बनती है। फिर कुछ दिन बाद सब लोग भूल जाते हैं। जबकि राज्य में खेती की ज्यादातर जमीन अब भी बारिश के पानी पर ही सिंचाई के लिए निर्भर है।

इस साल पूर्वी सिंहभूम और सिमडेगा जिले को छोड़ कर राज्य के 24 जिलों में 22 के 226 प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया। अक्टूबर के आखिरी हफ्ते में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में षि विभाग की तरफ से जमीनी आकलन के बाद तैयार की गई रिपोर्ट के आधार पर इन्हें सूखाग्रस्त माना गया है। घोषणा हुई है कि राज्य सरकार तत्काल राहत के तौर पर प्रत्येक किसान परिवार को 3,500 रुपए देगी। किसानों को दी जाने वाली राहत पर करीब 1200 करोड़ की राशि खर्च होने का अनुमान है। 30 लाख से अधिक किसानों को इसका लाभ मिलेगा। जिन जिलों में 15 अगस्त तक 33 फीसद से कम क्षेत्र में धान की बुआई या रोपनी हुई, उसे सूखाग्रस्त घोषित किया गया। बारिश की स्थिति को देखते हुए विभिन्न जिलों को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग जुलाई में ही कई जिलों से उठने लगी थी। जुलाई के महीने तक 58 प्रतिशत कम बारिश हुई थी और बमुश्किल धान की दस प्रतिशत रोपनी हो सकी थी। सवाल यह है कि क्या इस समस्या का कोई दीर्घकालिक हल नहीं हो सकता?

# गुजरात में आम आदमी पार्टी की कड़वी रेवड़ी

**अजय दीक्षित**




बड़े दम से कहा जा रहा है कि गुजरात के चुनाव में आप बड़ी संख्या में जीतकर अपनी सरकार बना रही है । उसमें जनमत से अपने आगामी मुख्यमंत्री का नाम भी घोषित कर दिया है । वह गुजरात कि पिछड़े वर्ग से आते हैं ।

अभी हाल में छरू राज्यों की सात विधानसभा सीटों के लिए हुये चुनाव में आप ने उत्तर प्रदेश की एक सीट पर अपना उम्मीदवार उतारा था और वहां उसकी जमानत जब्त हो गई । असल में, पंजाब जीतने के बाद आम आदमी पार्टी की इच्छा और अभिलाषा बढ़ गई है, परन्तु गुजरात की स्थिति पंजाब से भिन्न है । गुजरात में पिछले 26 सालों से भाजपा ही सत्ता में हैं । अमित शाह और नरेन्द्र मोदी गुजरात से आते हैं । सरदार पटेल कांग्रेसी होने पर भी भाजपा के चहेते हैं क्योंकि एक तो वे गुजराती हैं दूसरे उनके सहारे नेहरू पर कटाक्ष किया जाना आसान है । महात्मा गांधी भी गुजराती है परन्तु उन पर सभी अपना दावा ठोकते हैं ।

असल में सूरत में हुए नगर पालिका चुनाव में 27 सीटें जीतने पर ही आम आदमी पार्टी का हौंसला बढ़ गया है यद्यपि वहां भाजपा ही कब्जे में है । एक आकलन के अनुसार आप और कांग्रेस को कुल वोटों का 20त्न से ज्यादा मिलने वाला नहीं है । यह सीएसडीएसक़ की लोक नीति द्वारा किये गये सर्वे का परिणाम है । असल में एक आकलन के अनुसार आप कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगायेगी और भाजपा इससे अटूती रह जायेगी ।

यह बात तो सत्य है कि गुजरात में भाजपा में भी सभी कुछ ठीक नहीं है । तभी तो बीच सत्र में मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों को बदल दिया गया है । आप के पास कोई गुजराती विश्वसनीय चेहरा नहीं है । अरविन्द केजरीवाल या मनीष सिसोदिया गुजराती नहीं जानते । गुजरात की ग्रामीण जनता हिन्दी ठीक से समझती नहीं है । यदि इन दोनों नेताओं को गुजराती आती होती, तो बात कुछ और होती । फिर गुजराती अपनी अस्मिता में फ्रीबी को महव नहीं देते । वे कर्मठ होते हैं, कार्यशील होते हैं और अपने बल पर पैसा कमाना चाहते हैं । वे भिखारी नहीं है कि फ्री बिजली पर मर मिटे ।

आम आदमी पार्टी ने गुजरात के लिए विकास के लिए कोई मडल प्रस्तुत नहीं किया है । वे केवल अस्पताल और स्कूलों की बात करते हैं । यह सही है कि पूरे देश की तरह गुजरात में भी स्कूलों और अस्पतालों की हालत खराब है, पर यह चुनाव में एकमात्र मुद्दा नहीं बन सकता । गवर्नेंस का कोई मडल आप पार्टी ने प्रस्तुत नहीं किया है । पंजाब में कांग्रेस की अंतर्कलह के कारण वह वहां सरकार बना पायी फिर 2017 के चुनाव में आप पंजाब में प्रमुख विपक्षी दल था ।

लोकनीति के सर्वे के अनुसार गुजरात में पिछले पांच साल में भ्रष्टाचार 77त्न बढ़ा है । आम आदमी पार्टी यदि इसे मुद्दा बनाये तो वह मोरबी में हुए पुल हादसे को भुला सकती है । पर इसके लिए सही आंकड़े चाहिए । असल में, आम आदमी पार्टी के पास सेवक तो हैं पर कद्दावर नेता नहीं हैं । बहुत से समर्थवान आम आदमी पार्टी का साथ छोड़ चुके हैं । प्रमुख हैंयोगेन्द्र यादव, प्रशांत भूषण, शाजिया इलमी आदि ।

असल में दिल्ली में आम आदमी पार्टी के खिलाफ भाजपा की जंग के दुष्परिणाम भी गुजरात में आप को भोगने पड़ेंगे । फिर नरेन्द्र मोदी और अमित शाह बराबर गुजरात दौरे पर हैं ।

आम आदमी पार्टी अभी भी यदि अपना रास्ता बदल कर कांग्रेस से हाथ मिला ले तो शायद गुजरात में इस बार भाजपा हार जायेगी, परन्तु इसकी कोई संभावना नहीं है और कांग्रेस और आप में वर्तमान में 36 का आंकड़ा है । इसी से गुजरात में भाजपा का रास्ता साफ है । यदि गुजरात में आम आदमी पार्टी मुख्य विपक्ष में आ जाये तो बड़ी बात होगी ।

# अफवाह फैलाने की आप की रणनीति!



एक समय था जब देश के लेफ्ट, लिबरल बुद्धिजीवी आरोप लगाते थे कि आरएसएस और भाजपा अफवाह फैलाने की फैक्टरी हैं। दूसरी ओर संघ और भाजपा का आरोप था कि लेफ्ट, लिबरल बुद्धिजीवी अपनी विचारधारा के अनुकूल नैरेटिव गढ़ते हैं और उसे प्रचारित व स्थापित करते हैं। इस तरह दोनों एक दूसरे पर अफवाह फैलाने के आरोप लगाते थे। लेकिन अब इस काम में आम आदमी पार्टी ने सबको पीटे छोड़ दिया है। पीत पत्रकारिता करने वालों की तरह आप के नेता किसी भी पार्टी या नेता के बारे में कुछ भी कह देते हैं। प्रेस कांफ्रेंस करके कोई बड़ा दावा कर देंगे और सोशल मीडिया में उसका प्रचार करेंगे, बाद में वह बात पूरी तरह से गलत साबित होती है।

ताजा मामला दिल्ली प्रदेश भाजपा के सभी जिला अध्यक्षों के इस्तीफे का है। आम आदमी पार्टी के मुख्य और राष्ट्रीय प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कांफ्रेंस करके कहा कि आप की वजह से भाजपा के अंदर ऐसी घबराहट मची है कि उसके सभी जिला अध्यक्षों ने इस्तीफा दे दिया है। इस बयान के बाद भाजपा हैरान परेशान थी क्योंकि पार्टी अध्यक्ष के पास किसी जिला अध्यक्ष का इस्तीफा नहीं पहुंचा था। हकीकत यह है कि भाजपा के किसी जिला अध्यक्ष का इस्तीफा नहीं हुआ है। इसी तरह पिछले दिनों आप के विधायक दुर्गेश पाठक ने दावा किया कि भाजपा अपने सभी पूर्व पार्षदों की टिकट काट रही है। हकीकत यह है कि पार्टी ने नौ पूर्व मेयर और 52 पूर्व पार्षदों को मैदान में उतारा है।

इससे पहले गुजरात को लेकर आप के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने खुद कैसी कैसी बातें फैलाई थीं!

उन्होंने जून-जुलाई से कहना शुरू किया कि आप से घबरा कर भाजपा समय से पहले चुनाव कराने जा रही है। लेकिन हकीकत यह है कि चुनाव समय पर हो रहे हैं। केजरीवाल और उनकी पार्टी के नेताओं ने कई बार कहा कि आप से घबरा कर भाजपा गुजरात के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल को बदलने जा रही है। हकीकत यह है कि अब भी भाजपा सीआर पाटिल की कमान में ही चुनाव लड़ रही है। इस तरह की बातों की सूची काफी लंबी हो सकती है।

मजेदार बात यह है कि आम आदमी पार्टी के नेता कभी पत्रकार बन जाते हैं और पत्रकारों को ही बताते हैं कि उन्हें सूत्रों के हवाले से अमुक खबर मिली है। कभी सैफोलजिस्ट बन जाते हैं और बताते हैं कि उनके सर्वे में पता चला है कि अमुक चीज हो रही है।

कभी ज्योतिष बन जाते हैं और दावा करते हैं कि अमुक काम होने जा रहा है। हकीकत यह है कि सूत्रों के हवाले से मिली खबर, सर्वेक्षण से मिले नतीजे और ज्योतिषीय गणना से पता चली बात 90 फीसदी टाइम गलत होती है। वह सिर्फ अफवाह होती है, जिसे राजनीतिक फायदे से लिए प्रचारित किया जाता है। यह कमाल है कि आप ने झूठ फैलाने को सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला रणनीतिक हथियार बना लिया है।

# प्रदेश में आत्म-निर्भर होते गाँव-सशक्त होती महिलाएँ

**महेन्द्र सिंह सिसोदिया**

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की ग्राम स्वराज की अवधारणा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में मूर्त रूप ले रही है। प्रदेश के गाँव आत्म-निर्भर स्वायत्त इकाई के रूप में विकसित हो रहे हैं और सबसे बड़ी बात यह है कि इनमें से अनेक की कमान महिलाओं के हाथ में है। प्रदेश में महिलाओं के 4 लाख से अधिक स्व-सहायता समूह हैं, जिनसे जुड़े 45 लाख से अधिक परिवार विभिन्न गतिविधियों से न केवल अपने परिवारों को आर्थिक रूप से आत्म-निर्भर बना रहे हैं, अपितु महिलाएँ भी सामाजिक रूप से सशक्त हो रही हैं। प्रदेश की 23 हजार 12 ग्राम पंचायत, 313 जनपद पंचायत और 52 जिला पंचायत के लिये हुए निर्वाचन में 630 सरपंच, 157 जनपद सदस्य और एक जिला पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए थे, जिनमें 415 महिला सरपंच हैं। विगत वर्षों में पंचायतों द्वारा स्वयं की आय के कर एवं गैर-कर राजस्व के स्त्रोतों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करते हुए स्वयं की आय के रूप में लगभग 189 करोड़ रूपये अर्जित किये गये हैं। साथ ही पंचायतें नवाचार में भी आगे हैं। सूर्य शक्ति अभियान में पंचायतों की विद्युत खपत को सौर ऊर्जा पर अंतरित किया जा रहा है। इससे पंचायतें अतिरिक्त वित्तीय संसाधन भी जुटा सकेंगी।

मुख्यमंत्री चौहान द्वारा प्रदेश के लिये तैयार किये गये आत्म-निर्भरता के रोडमेप पर कार्य करते हुए हमारा विभाग (पंचायत एवं ग्रामीण विकास) ग्रामीण क्षेत्रों को आत्म-निर्भर बनाने की दिशा में तेज गति से काम कर रहा है। ग्रामों में न केवल अधो-संरचना विकास, बुनियादी सुविधाएँ, रोजगार, स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर कार्य हो रहे हैं, अपितु प्रत्येक परिवार को पक्का आवास भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

## कैलिफोर्निया में पुलिस रंगरूटों पर वाहन चढ़ा, 23 घायल

**लॉस एंजेलिस ,एजेंसी।** पश्चिमी अमेरिका के दक्षिण कैलिफोर्निया में सुबह एक प्रशिक्षण के दौरान एक ड्राइवर द्वारा पुलिस में भर्ती हुए लोगों के एक समूह में घुस जाने से कुल 23 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लस एंजिल्स काउंटी फायर डिपार्टमेंट ने एक ट्वीट में कहा, हादसा व्हिटियर शहर में हुआ। 23 लोग घायल मरीज हैं। पांच की हालत गंभीर है, चार की हालत सामान्य है और 14 की हालत मामूली है। घायलों में से 22 लस एंजिल्स काउंटी शेरिफ विभाग के रंगरूट हैं। वे एक प्रशिक्षण अभ्यास के हिस्से के रूप में भाग रहे थे, जब एक 22 वर्षीय चालक गलत तरीके से समूह में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। चालक भी घायल हो गया और उसे मामूली चोटें आईं। लस एंजिल्स काउंटी शेरिफ विभाग ने एक बयान में पुष्टि की कि स्टार एक्सप्लोर ट्रेनिंग एकेडमी, व्हिटियर को सौंपे गए विभाग के डिप्टी रिक्रूट क्लास को उनके चलने के दौरान मिल्स एवेन्यू के 10600 ब्लक पर स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 626 बजे एक चलते हुए वाहन ने टक्कर मार दी। विभाग ने कहा कि रंगरूटों को टक्कर मारने वाले वाहन के चालक को आगे की जांच के लिए हिरासत में लिया गया है।

## अमेरिकी सीनेट ने समलैंगिक विवाह विधेयक को किया पारित

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** अमेरिकी सीनेट ने देश में समान-सेक्स विवाह (समलैंगिक विवाह) सुरक्षा को संहिताबद्ध करने वाले कानून पर बहस को आगे बढ़ाने के लिए मतदान किया। सीनेटरों ने उपाय को आगे बढ़ाने के लिए 62-37 वोट दिए, जिसमें एक दर्जन रिपब्लिकन चौंबर में सभी डेमोक्रेट्स के साथ शामिल हुए।संभावित रूप से सप्ताह के अंत तक अंतिम वोट की स्थापना की जाती है।विवाह अधिनियम के लिए प्रस्ताव इस गर्मी में पेश किया गया था, जब सुप्रीम कोर्ट के न्याय ने विवाह समानता और गर्भनिरोधक पर पुनर्विचार के फैसले पर पुनर्विचार किया था।बिल ने जुलाई में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा को द्विदलीय समर्थन के साथ मंजूरी दे दी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बुधवार को कांग्रेस से कानून को जल्दी पारित करने और हस्ताक्षर के लिए अपने डेस्क पर भेजने का आग्रह किया।

## बैंक धोखाधड़ी के मामले में भारतीय नागरिक को जेल

**सिंगापुर ,एजेंसी।** 26 हजार सिंगापुर डलर से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक भारतीय नागरिक को नौ सप्ताह के लिए जेल की सजा सुनाई गई है। 26 वर्षीय कुणाल भांबरी 2018 में अध्ययन करने के लिए सिंगापुर आए थे। उन्हें तीन मामलों में दोषी ठहराया गया है। कुणाल ने अवैध रूप से दूसरों के बैंक खातों से 26 हजार डलर से अधिक निकाल लिए। उप लोक अभियोजक सीह ई वेई ने कहा कि पिछले साल फरवरी व मार्च में सिंगापुर के वाणिज्यिक मामलों के विभाग को अमेरिका के धोखाधड़ी पीडितों से मामले की जानकारी मिली। मामले की शिकायत के बाद जब पुलिस ने जांच की तो पहली नजर में ये सही पाया गया। उसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

## उत्तर कोरिया ने कम दूरी की एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी

**सोल ,एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने आज पूर्वी सागर में एक छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (एसआरबीएम) दागी, जो एक हफ्ते में पहली बार मिसाइल उकसाने वाली थी, यह जानकारी उत्तर कोरिया की सेना से सामने आई है। ज्वाइंट चीफ्स अफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि, उसने कांगवोन प्रांत के वनसन क्षेत्र से सुबह 1048 बजे प्रक्षेपण का पता लगाया।

### सउदी अरब जाने वाले भारतीयों के लिए खुशखबरी

# वीजा के लिए अब नहीं देना होगा पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सउदी अरब की यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों के लिए गुरुवार को एक राहत भरी खबर सामने आई है। समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक, दोनों देशों के बीच मजबूत होते संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए सउदी दूतावास ने फैसला किया है कि अब सउदी अरब का वीजा प्राप्त करने के लिए भारतीय नागरिकों को पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।



इसकी जानकारी दिल्ली में स्थित सउदी दूतावास ने ट्वीट करते हुए दी। ट्वीट में लिखा गया, सउदी अरब और भारत के बीच मजबूत संबंधों और रणनीतिक साझेदारी को देखते हुए किंगडम ने भारतीय नागरिकों को पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट जमा करने से टूट देने का फैसला किया है। दूतावास की ओर से जारी पत्र में जानकारी दी गई कि भारतीय नागरिकों को वीजा हासिल करने के लिए अब पीसीसी जमा करने की जरूरत नहीं होगी। यह फैसला दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए उठाया गया है। बता दें कि दूतावास ने सउदी अरब में शांतिपूर्वक रह रहे 20 लाख भारतीय नागरिकों के योगदान की सराहना भी की।

पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट, एक ऐसा सर्टिफिकेट है जो भारत सरकार , विदेश मंत्रालय के पासपोर्ट डिवीजन द्वारा भारतीय पासपोर्ट एप्लिकेंट होल्डर को जारी किया जाता है। यह सर्टिफिकेट, इस बात को बताती है की जिस व्यक्ति का ये सर्टिफिकेट है उसका किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी , मारपीट , मर्डर आदि किसी आपराधिक मामलों में शामिल होने का केस थाने में दर्ज नहीं है। साथ ही किसी भी तरह का कोई केस कोर्ट में पेंडिंग नहीं है।

## टावर गिरने से बंगाल के 2 मजदूरों की मौत

**मेरठ ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में एक निर्माणाधीन बिजली का टावर गिरने से पश्चिम बंगाल के दो मजदूरों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। घटना मुंडाली पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले अजराना गांव के बाहरी इलाके में हुई। मृतकों की पहचान 25 वर्षीय मोहम्मद हसरत और 24 वर्षीय मोहम्मद अजमल के रूप में हुई है, दोनों बंगाल के मालदा जिले के गौरीपुर इलाके के निवासी हैं। सभी घायल व्यक्ति भी पश्चिम बंगाल के हैं। पुलिस के मुताबिक घटना उस वक्त हुई जब बुलंदशहर के कसौटी से गुलावठी इलाके तक बिजली लाइन बिछाने के लिए टावर के ऊपरी हिस्से को जोड़ा जा रहा था।

### ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका

# पूजा के अधिकार की याचिका पर सुनवाई को तैयार कोर्ट

**वाराणसी ,एजेंसी।** ज्ञानवापी मामले पर मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है। ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने, पूजा का अधिकार देने और मुस्लिम पक्ष का प्रवेश रोकने की मांग करने वाली याचिका अदालत ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर ली है। गुरुवार को फास्ट ट्रैक ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में मिले कथित शिवलिंग के पूजा करने के अधिकार, ज्ञानवापी परिसर में मुस्लिम के प्रवेश पर रोक और ज्ञानवापी परिसर में बने अवैध ढांचे को हटाने संबंधी मामले को सुनवाई के योग्य माना है।

बता दें, फास्ट ट्रैक कोर्ट में सिविल जज महेंद्र पांडे की अदालत में विश्व वैदिक सनातन संघ ने इस बारे में याचिका दाखिल की थी। मुस्लिम पक्ष ने इस वाद पर ही आपत्ति दायर की थी।

कहा था कि मामला सुनने योग्य ही नहीं है। अब मामले की अगली सुनवाई दो दिसंबर को होगी। हिन्दू पक्ष के वकील विष्णु जैन के अनुसार यह बहुत बड़ी सफलता है। हमारा केस पहले से बहुत मजबूत है।यहां पर भी 1991 का कानून लागू होता ही नहीं है। हिंदु पक्ष अब दो दिसंबर को ज्ञानवापी में मिले शिवलिंग की पूजा का अधिकार मांगेगा और परिसर का एक और सर्वे की मांग करेगा।

## किसानों की आय दोगुनी करने के लिए नया बाजरा मिशन : असम के मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी ,एजेंसी।** राज्य में बाजरा की खेती का विस्तार करने और इसे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने श्असम बाजरा मिशन की शुरुआत की। सरमा ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाजरा मिशन का लक्ष्य असम में पोषण भागफल और किसानों की आय को दोगुना करना है। मिशन फसल उत्पादकता में भी वृद्धि करेगा और फसल विविधीकरण में योगदान देगा।

उन्होंने कहा कि किसान अब अपनी फसल पद्धतियों में विविधता ला सकते हैं और पारंपरिक फसलों के अलावा, वे बाजरा उगाने के लिए अपनी खेती का विस्तार कर सकते हैं।

शुरुआत में असम बाजरा मिशन का 25,000 हेक्टेयर फसली भूमि में अभ्यास किया जाएगा। इसके बाद इसे राज्य में 50,000 हेक्टेयर षि भूमि तक बढ़ाया जाएगा।

कुछ ज्ञान केंद्रों का भी उद्घाटन किया गया, जो राज्य के किसानों को बाजरे की खेती के बारे में ज्ञान प्राप्त करने और मदद करने में मदद करेंगे।

सरमा ने आगे कहा कि अगले साल से असम सरकार ने धान के लिए एमएसपी 2,040 रुपये प्रति च्ंटिल तय किया है।

उन्होंने किसानों से कहा कि वे अपना धान सरकार को बेच दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मिलों और अन्य षि बुनियादी ढांचे को स्थापित करने के लिए सब्सिडी प्रदान करके स्थानीय युवाओं की मदद कर रही है।

# किसानों की उन्नति बिना देश के विकास का सपना नहीं होगा साकार : खंडेला

**कोटा ,एजेंसी।** देश की अर्थव्यवस्था का मूल आधार ही षि तंत्र के उन्नयन से जुड़ा हुआ हो,यदि वहां किसानों की उन्नति नहीं होती है तो देश की उन्नति-प्रगति की कल्पना करना भी व्यर्थ है। राजस्थान किसान आयोग द्वारा इसी के मद्देनजर किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रदेश भर में जाकर किसानों से सुझाव मांगे जा रहे हैं जिन्हें मूल भावना के अनुरूप अगले महीने राज्य सरकार को भेजा जाएगा ताकि किसानों की आमदनी बढ़ा कर उनकी खुशहाली लाने के उपाय किए जा सके।

आयोग के अध्यक्ष महादेव सिंह खंडेला ने बुधवार को कोटा में आयोजित एक कार्यक्रम में यह विचार व्यक्त करते हुये कहा कि किसानों की प्रगति और उनकी आर्थिक हितों के संवर्धन को ध्यान में रखते हुए योजनाओं पर अमल किया जाना चाहिए वरना इन योजनाओं की उपादेयता ही नहीं रह जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की समस्याओं का समय पर समाधान कर आमदनी बढाने के लिए त संकल्पित होकर कार्य कर रही है। पहली बार षि एवं किसानों के लिए अलग से बजट लाकर आमदनी बढाने का कार्य किया है।

श्री खण्डेला ने किसान संवाद कार्यक्रम में उपस्थित जिले भर के किसानों को संबोधित करते हुये कहा कि देश की अर्थव्यवस्था षि पर आधारित है। किसान खुशहाल होगा तभी देश में उन्नति आयेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा है कि हर जिले में किसानों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुना जाकर आये गये सुझावों के आधार पर नीतियों का निर्माण किया जाये।

श्री खण्डेला ने कहा कि राजस्थान षि एवं पशुपालन की दृष्टि से समृद्ध बने इसी उद्देश्य के साथ किसानों की समस्याओं का निराकरण कराया जायेगा। किसानों और खेतों तक नई तकनीकी की जानकारी पहुंचे तथा षि उपज से किसानों की आमदनी बढें, यह आयोग की मंशा है। किसानों से संवाद में जो भी समस्याऐं एवं सुझाव आयेंगे उनको दिसम्बर माह में एकजाई कर राज्य सरकार को प्रेषित की जायेगी।

संवाद कार्यक्रम में षि विश्वविद्यालय के कुलपति ड. अभय कुमार व्यास ने कहा कि किसानों को खेती के विविधिकरण की ओर जाना होगा, तभी खेती की लागत को कम किया जा सकता है। षि उपज की प्रस्संकरण एवं वैल्यू एडीशन से किसान स्थानीय स्तर पर आमदनी बढाने के लिए कार्य करें तो अच्टे परिणाम सामने आयेंगे।

ञकिसान संवाद कार्यक्रम में उपस्थित जागरूक किसानों ने भी आगे बढ़कर किसानों के उन्नयन के लिए कई सुझाव दिये और कहा कि सरकारों को इस पर मंथन करना चाहिये ताकि खेती-किसानी की प्रगति हो सके। नियमों की जटिलताओं पर किसानों ने सुझाव दिया कि फसल बीमा योजना का क्लेम मिलते समय नियमों का सरलीकरण किया जाए। बागवानी की उपज के लिए भण्डारण एवं वैल्यू एडीशन की व्यवस्था हो। षि उपकरणों को जीएसटी फ्री किया जाए, षि उपज मण्डियों का विस्तार किया जाए। जैविक उपज के प्रमाणीकरण के लिए जिला स्तर पर व्यवस्थाएं की जाए।

## सबरीमाला मंदिर मंडलम-मकरविलक्कू उत्सव के लिए खुला

**सबरीमाला ,एजेंसी।** केरल में भगवान अयप्पा मंदिर को गुरुवार से शुरु दो महीने तक चलने वाले मंडलम-मकरविलक्कू वार्षिक उत्सव के लिए खोल दिया गया है।

मंदिर के अनुष्ठानों की शुरुआत अष्ट द्रव्य महा गणपति हवन करने के साथ हुई। अष्टाभिषेकम के बाद नेय्याभिषेकम शुरू हुआ। पहाड़ी मंदिर के श्रीकोविल (गर्भगृह) को निवर्तमान प्रमुख पुजारी एन परमेश्वरन नंबूदरी द्वारा प्रमुख पुजारी महेश मोहनारू की उपस्थिति में बीती शाम पांच बजे खोला गया था।

कल शाम हालांकि श्रीकोविल में कोई अनुष्ठान नहीं किया गया। तांत्री राजीवरु कंदरारू ने थिरुमुट्टम में पवित्र अग्नि को प्रज्वलित किया। प्रमुख पुजारी गुरुवार को मलयालम महीने के पहले दिन एक साल के कार्यकाल के लिए कार्यभार संभालेंगे।

# ब्रिटेन के सांसदों ने भोपाल गैस त्रासदी पीड़ितों के लिए सहयोग दिलाने का किया आह्वान

**लंदन , एजेंसी।** भारतीय मूल के ब्रिटिश सांसद नवेंदु मिश्रा के नेतृत्व में लेबर सांसदों ने यूके सरकार से भोपाल गैस त्रासदी के पीडिघ्तों को त्वरित न्याय, चिकित्सा देखभाल और सही मुआवजा देने के लिए राजनीतिक समर्थन देने का आह्वान किया है। स्टकपोर्ट के लेबर एमपी नेवेन्दु मिश्रा ने यूके की संसद से कहा, 2 दिसंबर, 1984 की त्रासदी से पीडिघ्त होने वालों के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है। पीडिघ्तों का न्याय दिलाने के लिए उनके अभियान में हमारे देश के योगदान की शुरुआत होनी चाहिए।

33 वर्षीय सांसद ने यूके सरकार से यूनियन कार्बाइड की मूल कंपनी डाउ केमिकल्स पर प्रदूषक भुगतान सिद्धांत को स्वीकार करने और पारिश्रमिक की जिम्मेदारी लेने के लिए दबाव डालने का आग्रह किया।

इतिहास में सबसे बड़ी औद्योगिक आपदा के रूप में जानी जाने वाली त्रासदी 38 साल पहले हुई थी, जब भोपाल में यूनियन कार्बाइड रसायन का-रखाने में रिसाव के बाद 5 लाख से अधिक लोग 40 टन मिथाइल आइसोसाइनेट गैस के संपर्क में आ गए थे।

यह अनुमान लगाया गया है कि हादसे में 3,800 लोग तत्काल मारे गए थे। गैस रिसाव के पहले 72 घंटों में 10 हजार लोगों की मौत हो गई, और बाद में गैस के संपर्क में आने वाले 25 हजार और लोगों की मौत हुई। डेढ़ लाख लोग लंबे समय तक बीमार रहे।

लगभग एक लाख लोग दूषित पानी के संपर्क में आ चुके हैं। ग्रीनपीस नामक संस्था ने बताया कि 2002 तक डेढ़ लाख लोग गंभीर रूप से बीमार थे। इनमें से हर दो दिन में एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाती थी।

वेस्टमिंस्टर हल बहस में तनमनजीत सिंह ढेसी ने कहा, भारत में भोपाल गैस आपदा इतिहास की सबसे भयानक औद्योगिक आपदा है, जिसमें 25 हजार लोगों की मौत हो गई। हादसे के पीडिघ्त न्याय, जवाबदेही और उचित मुआवजे के हकदार हैं।

लेबर सांसद लिवरपूल रिवरसाइड के किम जनसन ने एक ट्वीट में लिखा, भोपाल आपदा के लगभग 40 साल बाद यूनियन कार्बाइड (डव द्वारा खरीदा गया) अभी भी पीडिघ्तों को मुआवजा देने से इंकार कर रहा है। यह उपनिवेशवाद का प्रत्यक्ष परिणाम है, जहां भूरे रंग का जीवन कम मायने रखता है।

मामले में भारत सरकार ने अमेरिकी अदालत में 3 बिलियन डलर के हर्जाने के लिए मुकदमा दायर किया, तो यूनियन कार्बाइड ने राहत के रूप में 7 मिलियन डलर की पेशकश की। इसके बाद कंपनी ने 1986 में इस प्रस्ताव को बढ़ाकर 350 मिलियन डलर कर दिया। 1989 में यूनियन कार्बाइड ने दावों के अंतिम निपटान में 470 डलर मिलियन का भुगतान किया।

## टीएमसी नेता के घर में रखे बम को गेंद समझ खेलने लगे बच्चे, विस्फोट में भांजी की मौके पर मौत

**कोलकाता ,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में बम को गेंद समझ कर बच्चे खेलने लगे जिसमें विस्फोट होने से एक बच्ची की मौके पर मौत हो गई जबकि कुछ घायल हो गए। मामला उत्तर 24 परगना जिले के मिनाखा का है। जानकारी के अनुसार, टीएमसी नेता अबु हुसैन गायेन के घर रखे बम को बच्चे गेंद समझकर खेलने लगे, तभी विस्फोट हो गया जिसमें 1 बच्चे की मौत हो गई और कुछ बच्चे घायल हो गए। घटना चपाली गांव की है।

पुलिस ने अबु हुसैन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना के बारे में बताया, श्बीती शाम करीब 6 बजे तृणमूल नेता अबुल हुसैन गायेन के रिश्तेदार उसके घर मिलने आए। उसकी 8 साल की भांजी झूमा खातून, जो दूसरी कक्षा की छात्रा है, बिचुली (अबुल हुसैन का पालतू गधा) के सिर में लगी गेंद से खेल रही थी जब बम फटा।

# कनाडा में बसना हुआ आसान! इन 16 सेक्टर में एक्सपीरियंस रखने वालों को सरकार देगी पीआर

**ओटावा ,एजेंसी।** कनाडा सरकार ने काम करने वाले लोगों को एक बड़ी खुशखबरी दी है। कनाडा सरकार ने 16 नए सेक्टर में अपना एक्सपीरियंस रखने वाले लोगों को एक्सप्रेस एंट्री देने का फैसला लिया है। इन लोगों के पास वो जरूरी स्किल्स होने चाहिए, जिससे देश की अर्थव्यवस्था में लेबर शर्टेज से निपटा जा सके। कनाडा के इमिग्रेशन, रेफ्यूजी और सिजिटनशिप मंत्री शन फ्रेजर ने एक्सप्रेस एंट्री सिस्टम के तहत इमिग्रेशन प्रोग्राम्स के लिए नेशनल ओक्यूपेशनल क्लासिफिकेशन 2021 के लागू किए जाने का ऐलान किया है।

पीआर कैटेगरी के जरिए कनाडा में हेल्थकेयर, कंस्ट्रक्शन और ट्रांसपोर्टेशन जैसे सेक्टर में दुनिया के बेहतरीन लोगों को हायर किया जा सकेगा। नर्स सहायक, लन्ग टर्म सहायक, हस्पिटल अटेंडेंट, स्कूल टीचर और ट्रांसपोर्ट ट्रक ड्राइवर जैसे कुल मिलाकर 16 पोस्टें शामिल की गई हैं। बता दें कि इस स्कीम के जरिए परमानेंट रेजिडेंसी दी जाती है, यानी उन्हें स्थायी तौर पर कनाडा में रहने की इजाजत मिलती है।

पीआर सिस्टम का इस्तेमाल कनाडा के लेबर मार्केट में सभी जब्स को ट्रैक और कैटेगराइज्ड करने के लिए जाता है। इसका इस्तेमाल अर्थव्यवस्था में बदलाव और काम के तरीके में होने वाले बदलाव को अपडेट करने के लिए भी किया जाता है। मंत्री की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें उन्होंने अस्थायी कामगारों और इंटरनेशनल स्टूडेंट्स को परमानेंट रेजिडेंसी के लिए स्कीम में विस्तार करने की बात कही थी।

इस तरह अब एक्सप्रेस एंट्री के तहत जब्स का दायरा बढ़ा दिया जाएगा, ताकि ज्यादा लोगों को परमानेंट रेजिडेंसी दी जा सके। इस अपडेट के जरिए उन 16 कैटेगरी के जब को भी शामिल किया जाएगा, जिसमें काम करने वाले लोगों को परमानेंट रेजिडेंसी मिलेगी।

स्टैटिक्स कनाडा की रिपोर्ट के मुताबिक, कनाडा में भारतीयों की संख्या 2.46 लाख है। ऐसे में इस स्कीम से भारतीयों को बड़ा फायदा मिलने वाला है। हर साल बड़ी संख्या में भारतीय काम और पढ़ाई के सिलसिले से कनाडा जाते हैं। हाल के सालों में कनाडा पढ़ाई के लिए भारतीय स्टूडेंट्स के बीच तेजी से पपुलर हो रहा है।

अमेरिका, ब्रिटेन के अलावा कनाडा में हायर एजुकेशन के लिए बेहतरीन यूनिवर्सिटीज हैं, जो भारतीयों के बीच लोकप्रिय हैं। ऐसे में यहां पढने जाने वाले भारतीय स्टूडेंट्स भी इस स्कीम का फायदा उठा पाएंगे।बता दें कि कनाडा की सरकार अभी कम मैनपावर के वजह से कई समस्याओं का सामना कर रही है और इनको खघ्त्म करने के लिए कनाडा की सरकार ने विदेशियों को अपने यहां बुलाने बसाने और काम पर रखने के लिए नियमों में बदलाव कर रहा हैं।

## बस में दुष्कर्म, आरोपी कंडेक्टर गिरफ्तार

**शिवपुरी ,एजेंसी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में बस के भीतर कंडक्टर ने एक महिला को अपनी हवस का शिकार बनाया। कंडक्टर ने महिला को बस के गलत दिशा में जाने की जानकारी देकर बैठाया और बस के भीतर ही उसके साथ दुष्कर्म किया। मामला पुलिस तक पहुंचा और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।कोतवाली पुलिस थाने में पहुंची महिला ने बताया कि वह अपनी ससुराल बड़ोनी गांव से मायके ललितपुर जाने के लिए निकली हुई थी। वह पिछोर से चंदेरी की ओर जा रही बस में सवार होकर चंदेरी पहुंची, जहां से उसे ललितपुर की ओर जाने वाली बस में बैठना था। कंडक्टर ने उसे गलत जानकारी देकर अपनी शिवपुरी की ओर जाने वाली बस में बिठा लिया।पुलिस को महिला ने बताया कि उसने ललितपुर जाने वाली बस में बैठाने के लिए कंडक्टर को कहा, मगर वह दूसरी बस आने की बात कहकर शिवपुरी तक ले गया और वहां बताया कि ललितपुर की बस सुबह मिलेगी। उसने बस में ही रात बिता को कहा। इसके बाद कंडक्टर ने उसके साथ दुष्कर्म किया।शिवपुरी कोतवाली टीआई अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि उक्त मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर कोतवाली पुलिस ने आरोपी बस कंडक्टर को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है।

## नितिन गडकरी की सिलीगुड़ी कार्यक्रम में अचानक खराब हुई तबीयत

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में अचानक तबीयत बिगड़ गई। दरअसल, वह एक ऐलिवेटेड रोड का उद्घाटन करने पहुंचे थे। कार्यक्रम के बीच में गडकरी ने कुछ असहज होने की शिकायत की। इसके तुरंत बाद डाक्टरों ने उनकी जांच की। बीजेपी नेता ने बताया कि केंद्रीय मंत्री का ब्लड शूगर लेवल घट गया था।ये पहली बार नहीं कई बार पहले भी उनकी मंच पर तबीयत खराब हुई है। पीएम नरेंद्र मोदी कैबिनेट के सबसे काबिल मंत्रियों में शुमार गडकरी पश्चिम बंगाल में कई कार्यक्रमों में भाग लेने वाले थे ।

# स्कूल समितियों में महिलाओं को मिलेगा 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व

**लखनऊ ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के सरकारी और सहायता प्राप्त प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्कूल प्रबंधन समितियों में अब महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिलेगा। इस संबंध में राज्य के सभी जिलाधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रमुख सचिव (बेसिक शिक्षा) दीपक कुमार ने कहा, स्कूल प्रबंधन समिति में 15 सदस्य होंगे। इसमें 11 सदस्य पढने वाले बच्चों के माता-पिता या अभिभावक होंगे, लेकिन समिति में 50 फीसदी महिलाएं होंगी।

मौजूदा स्कूल प्रबंधन समितियों (एसएमसी) का कार्यकाल 30 नवंबर को समाप्त होगा और उनकी जगह नई समिति बनाई जाएंगी।

शेष चार सदस्यों में स्थानीय प्राधिकरणों के निर्वाचित सदस्यों में से एक सदस्य शामिल होगा। एक सदस्य सहायक नर्स और दाइयों (एएनएम) में से लिया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा मनोनीत एक लेखपाल एवं एक सदस्य विद्यालय का प्रधानाध्यापक होगा। प्रधानाध्यापक न होने की दशा में प्रभारी प्रधानाध्यापक समिति का पदेन सदस्य-सचिव होगा।

आदेश में कहा गया है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और कमजोर वर्गों के बच्चों के माता-पिता या अभिभावकों को (संबंधित) स्कूल प्रबंधन समिति के माता-पिता सदस्य के रूप में शामिल किया जाएगा।

आदेश में यह भी कहा गया हैरू एक ही परिसर में स्थापित प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और संयुक्त विद्यालयों में केवल एक विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया जाएगा। राज्य के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया जाएगा।

अधिकारी ने कहा, स्कूलों में नई स्कूल प्रबंधन समितियों के गठन का कार्य 20 से 30 नवंबर की अवधि के दौरान पूरा कर लिया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत प्रत्येक विद्यालय में नवीन विद्यालय प्रबंधन समितियों के गठन के दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।हर दो साल में इस कमेटी का पुनर्गठन किया जाएगा।

## मलबे में दबकर तीन श्रमिकों की मौत

**शिमला ,एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के सोलन में भवन निर्माण के दौरान कल देर रात मलबा गिरने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई।

हादसा सोलन जिले के धर्मपुर के पास सिहरडी में हुआ। जिस वक्त मलबा गिरा उस समय श्रमिक वहां काम कर रहे थे। हादसे में तीन मजदूर मलबे की चपेट में आ गए। हादसे का पता चलते ही जेसीबी की मदद से मलबा हटाया गया,तब तक दो मजदूर दम तोड़ चुके थे। उनके शव को बाहर निकाल लिया गया है। तीसरे मजदूर ने भी बाद में दम तोड़ दिया।जानकारी के मुताबिक यहां एक निजी स्कूल के भवन का निर्माण किया जा रहा है।

# सूर्यकुमार यादव की बादशाहत बरकरार, हेल्स ने लगाई बड़ी छलांग




दुबई ,भारत के 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टी20 विश्व कप 2022 में शानदार प्रदर्शन के दम पर बल्लेबाजों की टी20 रैंकिंग में नंबर एक पर बरकरार हैं, जबकि इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स बड़ी छलांग लगाकर 12वें स्थान पर आ गये हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार सूर्यकुमार की रेटिंग हालांकि 869 अंकों से गिरकर 859 पर आ गयी है, लेकिन वह अभी भी दूसरे स्थान पर मौजूद मोहम्मद रिज़वान (836) से 23 पॉइंट आगे हैं।

सूर्यकुमार ने टी20 विश्व कप की छह पारियों में कुल तीन अर्द्धशतक जड़ते हुए 59.75 की औसत और 189.68 के स्ट्राइक रेट के साथ 239 रन बनाये। दूसरी ओर, भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में 47 गेंदों पर नाबाद 86 रन बनाने वाले हेल्स टी20 रैंकिंग में 22 पायदान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर आ गये। वह टूर्नामेंट में 42.40 की औसत से 212 रन बनाकर इंग्लैंड के लिये सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर रहे। इसी साल इंग्लैंड की टीम में वापसी करने वाले हेल्स 2022 में 30.71 की औसत और 145.27 के स्ट्राइक रेट से 430 रन बना चुके हैं।

इसी बीच, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज़म और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज राइली रूसो ने भी टी20 के शीर्ष 10 में जगह बनायी है। बाबर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में मैच जिताऊ अर्धशतक बनाया और एक स्थान की छलांग लगाते हुए नंबर तीन पर पहुंच गये। न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स के आठवें स्थान पर खिसकने के कारण रूसो भी सातवें स्थान पर पहुंच गये। रूसो ने टी20 विश्व कप में बांग्लादेश के खिलाफ शानदार शतक लगाया था।टी20 गेंदबाजों की सूची में इंग्लैंड के लेग-स्पिनर आदिल रशीद ने बड़ी छलांग लगाई है। रशीद भारत के खिलाफ सेमीफाइनल (20 रन, एक विकेट) और पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल (22 रन, दो विकेट) में किये गये प्रदर्शन की बदौलत पांच पायदान की बढ़त के साथ तीसरी रैंकिंग पर पहुंच गये हैं। रशीद के हमवतन और टी20 विश्व कप के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट सैम करेन पांचवें नंबर के टी20 गेंदबाज बन गये हैं, जबकि श्रीलंका के वानिंदू हसरंगा शीर्ष रैंकिंग पर बरकरार हैं।

ऑलराउंडर रैंकिंग में भारतीय हरफनमौला हार्दिक पांड्या तीसरे स्थान पर हैं जबकि बंगलादेश के कप्तान शाकिब अल हसन शीर्ष पर और अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद नबी दूसरे स्थान पर हैं।

### मध्य रेलवे ने जीता रेलवे महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप का खिताब

रायबरेली , मध्य रेलवे ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में दक्षिण रेलवे को हरा कर 43वीं अखिल भारतीय रेलवे महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया है।आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में पाँच दिन से चल रही चैंपियनशिप का समापन हो गया। आरेडिका के महाप्रबंधक बृज मोहन अग्रवाल ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किये।प्रतियोगिता के एक सेमी फाइनल मुकाबला मंगलवार को मध्य रेलवे एवं पूर्व रेलवे बीच हुआ, जिसमें मध्य रेलवे विजेता बनी, वहीं एक दूसरा सेमी फाइनल मुकाबला आईसीएफ और दक्षिण रेलवे के मध्य हुआ जिसमें दक्षिण रेलवे विजेता बनी।

बुधवार को फाइनल मुकाबला मध्य रेलवे एवं दक्षिण रेलवे के बीच हुआ जिसमें मध्य रेलवे विजेता बनी। फाइनल मुकाबला बेहद ही रोमांचक था, 5 सेट के इस मुकाबले में मध्य रेलवे 25 झ 23, 25 – 23, 21–25, 25–18 से विजयी रही।आरेडिका के खेल–कूद संघ के अध्यक्ष एसके कटियार,नें बताया कि चैंपियनशिप में आठ जोनल रेलवे और उत्पादन इकाइयों की लगभग 150 महिला खिलाड़ियों प्रतिभाग किया ।

# एशियाई एयरगन चैंपियनशिप के सातवें दिन भारत ने जीते सभी स्वर्ण



डेगू , भारतीय निशानेबाज़ों ने एशियाई एयरगन चैंपियनशिप 2022 में लगातार दूसरे दिन चार स्वर्ण पदक जीत लिये।रिदम सांग्वान ने भारत को दिन का पहला पदक दिलाते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल महिला प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। रिदम ने इस साल का दूसरा अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण जीतने के लिये अपनी हमवतन पलक को 16–8 से शिकस्त दी।

मनू भाकर ने भी जूनियर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल में अपनी हमवतन ईशा सिंह को 17–15 से हराकर स्वर्ण जीता।

शिवा नारवाल, नवीन और विजयवीर सिद्धू ने स्वर्ण पदकों के सिलसिले को जारी रखते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल टीम पुरुष फाइनल जीता। उन्होंने भारत के लिये दिन का तीसरा स्वर्ण जीतते हुए कोरिया के ली डैमयंग, मोक जिन मुन और पार्क डैहुन को 16–14 से मात दी।सागर डांगी, सम्राट राणा और वरुण तोमर की जूनियर पुरुष टीम ने अपने वरिष्ठों के पदचिह्नों पर चलते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल टीम पुरुष जूनियर का स्वर्ण हासिल किया। उन्होंने फाइनल मुकाबले में उज़्बेकिस्तान के मुहम्मद कमालोव, नुरिदीन नूरिद्दीनोव और इलखोम्बेक ओबिदजोनोव को 16–2 की करारी शिकस्त दी।

नौ नवंबर को शुरू हुई चैंपियनशिप के समापन में दो दिन शेष हैं जबकि भारत इस प्रतियोगिता में 22 स्वर्ण, आठ रजत और चार कांस्य सहित कुल 34 पदक जीत चुका है।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिये जोकोविच को मिल सकता है वीजा



मेलबर्न ,विश्व के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को 2023 ऑस्ट्रेलियाई ओपन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेलने के लिये ऑस्ट्रेलिया का वीज़ा मिल सकता है।

आवर्जन मंत्री एंड्र्यू गाइल्स ने कोरोना वैक्सीन न लेने के लिये जोकोविच पर जनवरी 2022 में लगाया गया तीन साल का प्रतिबंध हटा दिया है। रिपोर्ट में दावा किया गया कि गाइल्स आगामी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिये जोकोविच को वीज़ा प्रदान करेंगे।

जोकोविच ने ट्यूरिन में एटीपी फाइनल 2022 का अपना पहला मैच जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया जाने को लेकर कहा, फिलहाल कोई आधिकारिक सूचना नहीं है। हम इंतजार कर रहे हैं। वह (आयोजक) ऑस्ट्रेलियाई सरकार से बात कर रहे हैं, मैं फिलहाल आपको बस यही बता सकता हूं।

उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलियाई ओपन के निदेशक क्रेग टाइली ने इससे पहले कहा था कि यदि जोकोविच को वीज़ा मिलता है तो वह जनवरी में यहां आ सकते हैं, लेकिन टेनिस ऑस्ट्रेलिया उनकी ओर से पैरवी नहीं कर सकेगा।

यदि 21 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ऑस्ट्रेलिया पहुंचते हैं तो वह टूर्नामेंट जीतकर राफेल नडाल के 22 ग्रैंड स्लैम खिताबों की बराबरी करने का प्रयास करेंगे।

# रामगढ़ की शांत वादियों में पहुंचे विराट, अनुष्का



नैनीताल , भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली पत्नी एवं सिने अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के साथ नैनीताल में रामगढ़ की शांत वादियों में पहुंचे।विराट और अनुष्का का यह निजी दौरा है इसलिये इसकी किसी को भी भनक नहीं लगी। दोनों निजी हेलीकॉप्टर से घोड़ाखाल स्थित सैनिक स्कूल के मैदान में उतरे और पहले से खड़ी गाडियों में बैठकर रवाना हो गये।उन्होंने यहां पहुंचकर किसी से बात नहीं की और मीडिया से भी दूरी बनाये रखी। बताया जा रहा है कि घोड़ाखाल स्कूल के छात्र भी उनकी अगुवाई के लिये खड़े रहे, लेकिन दोनों किसी से नहीं मिले। सैनिक स्कूल के मैदान में उतरने के लिये उनकी ओर से पहले से अनुमति ली गयी थी। उन्हें उतारने के बाद हेलीकॉप्टर तुरंत वापस रवाना हो गया।ऐसा बताया गया कि उनका काफिला रामगढ़–मुक्तेश्वर की ओर गया। वह यहां किसी खास मित्र की कोठी में ठहरेंगे। दोनों कुछ दिन यहां आराम फरमायेंगे। बताया जा रहा है कि अति विशिष्ट अतिथि के आगमन की सूचना पर भवाली पुलिस भी सुरक्षा के लिए यहां पहुंची थी, हालांकि किसी अन्य व्यक्ति को कोहली और अनुष्का के आने की भनक नहीं लगी।

# बाबर को कोहली से निस्वार्थता सीखनी चाहिये : कनेरिया




कराची , पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने कहा है कि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज़म को विराट कोहली से निस्वार्थता सीखकर बल्लेबाजी क्रम में अपनी जगह बदलनी चाहिये।

कनेरिया ने अपने यूट्यूब चैनल पर जारी वीडियो में कहा, बाबर आज़म ओपनिंग करने को लेकर जिद्दी हैं। जब वह कराची किंग्स में थे तब भी ऐसा ही हुआ। वह इसे लेकर अड़े हुए हैं क्योंकि वह मध्यक्रम में बल्लेबाजी नहीं कर सकते। उनकी ज़िद से पारी की धीमी शुरुआत पाकिस्तान क्रिकेट को नुकसान पहुंचा रही है।

कनेरिया ने कहा, जब निस्वार्थ होने की बात आती है तो विराट कोहली जैसा कोई नहीं। (भारतीय) टीम उनकी कप्तानी में विश्व कप हारी, और उन्हें इसके लिये निशाना बनाया गया। कई लोगों ने टीम में उनकी जगह पर सवाल उठाया लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने नये कप्तान का पूरा समर्थन किया और जहां कहा गया वहीं बल्लेबाजी की।

उल्लेखनीय है कि भारत के लिये तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले कोहली ने टी20 विश्व कप के छह मैचों में 136 के स्ट्राइक रेट के साथ 296 रन बनाये, जिनमें चार अर्द्धशतक शामिल हैं।

## फिल्मी गपशप

# एक्शन सीक्वेंस के साथ शुरू हुआ राम पोथिनेनी की फिल्म का नया शेड्यूल

निर्देशक बोयापति श्रीनू की आगामी एक्शन एंटरटेनर का एक नया शेड्यूल, जिसमें अभिनेता राम पोथिनेनी मुख्य भूमिका में हैं, मंगलवार को हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में बड़े पैमाने पर एक्शन सीच्ेंस के साथ शुरू हुआ।

फिल्म की इकाई के करीबी सूत्रों, जिन्हें अस्थायी रूप से बोयापतिरापो के रूप में संदर्भित किया जा रहा है, ने कहा कि निर्देशक चाहते हैं कि यह एक्शन सीच्ेंस काफी बेहतर हो।

माना जाता है कि बोयापति ने एक्शन कोरियोग्राफर स्टन शिवा को अपने इनपुट दिए थे और बाद वाले ने एक्शन सीच्ेंस को उस तरह से कोरियोग्राफ किया है जैसा निर्देशक चाहते हैं। फिल्म में कई इंटेंस स्टंट सीच्ेंस होने की उम्मीद है। विशेष रूप से, जो वर्तमान में फिल्माया जा रहा है, उससे दर्शकों को काफी उत्साह मिलने की उम्मीद है।



अभिनेत्री श्रीलीला ने बड़े पैमाने पर शीर्ष उत्पादन मानकों के साथ बड़े पैमाने पर बनाई जा रही सामूहिक एक्शन एंटरटेनर में राम के प्यार की भूमिका निभाई है। फिल्म में कुछ उल्लेखनीय अभिनेता प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

सूत्रों का दावा है कि, तकनीकी तौर पर फिल्म काफी दमदार होने वाली है, जिसमें कुछ फर्स्ट क्लास टेक्नीशियन अलग–अलग क्राफ्ट्स का ध्यान रखेंगे।

श्रीनिवास चित्तूरी श्रीनिवास सिल्वर स्क्रीन के लिए फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। फिल्म को पवन कुमार प्रस्तुत कर रहे हैं। एस.एस. थमन इस फिल्म के लिए संगीत दे रहे हैं, जिसका संपादन तम्मुराजू द्वारा किया जा रहा है।

फिल्म की सिनेमैटोग्राफी संतोष देटेक संभाल रहे हैं। बायोपतिरोपो हिंदी और सभी दक्षिण भारतीय भाषाओं में रिलीज होगी।

### जिम आउटफिट में नेहा शर्मा का दिखा बोल्ड अवतार, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने यूजर्स का हाल किया बेहाल

बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा हमेशा अपने बोल्ड फोटोड से सोशल मीडिया का पारा गर्म करने में लगी रहती हैं। एक्ट्रेस हर समय अपने लुक्स और ड्रेसिंग सेंस के कारण लाइमलाइट में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस को जिम जाते हुए एक बार फिर से पैपराजी ने अपने कैमरे में कैद कर लिया, जिसके बाद उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। नेहा शर्मा भले ही फिल्मों से दूर हो लेकिन एक्ट्रेस हमेशा अपने फिगर और फैशन स्टेटमेंट्स के कारण लाइमलाइट में रहती हैं। हाल ही में पैपराजी ने एक बार फिर उन्हें वर्कआउट जाते हुए फॉलो किया, जिसकी तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। नेहा शर्मा खुद को मेंटेन रखने के लिए अक्सर जिम क्लासेस जाते हुए स्पॉट होती हैं।

# यश ने केजीएफ 3 की रिलीज डेट को लेकर दिया बड़ा अपडेट, कहा– बहुत जल्द...!



इस साल बॉक्स ऑफिस पर साउथ की फिल्मों का जलवा रहा है। राम चरण की आरआरआर से लेकर यश की केजीएफ2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया। साउथ की इन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के कई ऐसे रिकॉर्ड बना दिए जिसे तोड़ पाना थोड़ा मुश्किल है। इसी बीच कन्नड़ फिल्म केजीएफ 3 को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। फिल्म के लीड एक्टर यश ने फिल्म से जुड़ी कुछ अहम खबरों से पर्दा उठाया है। जिसे जानने के बाद केजीएफ 3 का इंतजार कर रहे नाखुश हो सकते है।

साउथ के सुपरस्टार यश इन दिनों काफी चर्चा में बने हुए है। फैंस यश की केजीएफ2 रिलीज होने के बाद इस फिल्म के तीसरे पार्ट का इंतजार कर रहे है। इसी बीच साउथ स्टार यश ने केजीएफ3 से जुड़ी कई अहम बातें लोगों को बताई है। यश से केजीएफ3 को लेकर सवाल किया गया तब उन्होंने कहा कि अभी इस फिल्म के रिलीज होने में समय लगेगा।

# ‘इंडिया लॉकडाउन’ में अपने अभिनय को लेकर साई ने की बात



साई ताम्हनकर मधुर भंडारकर की ‘इंडिया लॉकडाउन’ में नजर आएंगी, जिसका प्रीमियर आईएफएफआई गोवा में होगा। उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माता के साथ काम करना किसी भी अभिनेत्री के लिए अपने आप में एक अलग बात है। अभिनेत्री मधुर भंडारकर की ‘इंडिया लॉकडाउन’ में एक अभिन्न भूमिका निभाती नजर आएंगी। अपने अनुभव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, पहले तो ऐसा लगा कि मैं सपना देख रही हूं। मधुर सर की फिल्म का हिस्सा बनना किसी भी अभिनेत्री के लिए अपने आप में एक अलग बात है। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। इतने वर्षों के बाद भी, अभी भी कुछ चीजें हैं जो मैं केवल भारत लॉकडाउन पर काम करते हुए महसूस कर पा रही थी। मैं इस अवसर के लिए सदा आभारी हूं। आईएफएफआई गोवा में होने वाले फिल्म के प्रीमियर के बारे में पूछे जाने पर, अभिनेत्री ने कहा, मैं संभवतः इससे अधिक की कामना नहीं कर सकती थी।इस तरह के सम्मानित और सम्मानित मंच पर फिल्म का प्रीमियर होना एक बहुत बड़ा सम्मान है। मैं इस विचार से ही बहुत विनम्र हूं। मधुर भंडारकर द्वारा निर्देशित, इंडिया लॉकडाउन सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। यह चार समानांतर कहानियों और भारत के लोगों पर महामारी के प्रभावों को दर्शाएगा। फिल्म 2 दिसंबर को जी5 पर डायरेक्ट–टू–डिजिटल रिलीज के लिए तैयार है।

# काजोल की सलाम वेंकी का ट्रेलर जारी, फिल्म में दिखी आमिर खान की झलक

अभिनेत्री काजोल पिछले कुछ समय से अपनी फिल्म सलाम वेंकी को लेकर लाइम लाइट में बनी हुई हैं। फिल्म 9 दिसंबर को सिनेमाघरों में आएगी। अब इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसमें काजोल को एक संघर्षपूर्ण मां की भूमिका में देखा गया है। जिस एक चीज ने सभी का ध्यान खींचा, वो है इसमें दिग्गज अभिनेता आमिर खान की मौजूदगी। ट्रेलर में उनकी एक छोटी–सी झलक दिखी है।

यह एक इमोशनल ड्रामा फिल्म है, जो एक मां–बेटे की जोड़ी के इर्द–गिर्द घूमती है। इसमें काजोल ने सुजाता की भूमिका निभाई है, जबकि विशाल जेठवा ने उनके बेटे वेंकी का किरदार अदा किया है। वेंकी को ऐसी बीमारी है, जो उसे मौत की ओर धकेल रही है। इसकी कहानी कभी प्रेरित करती है, तो कभी भावुक कर देती है। इसमें राहुल बोस, राजीव



खंडेलवाल, आहाना कुमरा और प्रकाश राज भी दिखे हैं। काजोल और आमिर लंबे समय बाद फिल्मों में स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। इससे पहले दोनों ने फना में साथ काम किया था। इसमें दोनों एक–दूसरे के साथ रोमांस करते हुए नजर आए थे। यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म 2006 में रिलीज हुई थी। फिल्म के गानों को भी अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। कुणाल कोहली ने इसका निर्देशन किया था। उम्मीद है कि सलाम वेंकी में दोनों की मौजूदगी को पसंद किया जाएगा। सलाम वेंकी का नाम इससे पहले द लास्ट हुर्रे रखा गया था। रेवती इस फिल्म का निर्देशन कर रही हैं। रेवती का असली नाम आशा केलुन्नी नायर है। उन्हें खासकर तमिल और मलयालम फिल्मों में अपने अभिनय के लिए पहचान मिली है। ब्लाइव प्रोडक्शंस और आरटीएकेई स्टूडियोज के बैनर तले सूरज सिंह, श्रद्धा अग्रवाल और वर्षा कुकरेजा ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है। इस साल फरवरी में काजोल ने फिल्म की शूटिंग शुरू की थी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com